माघ कृष्ण पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 289 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

05 अप्रैल 2024 शुक्रवार

**आज का मौसम**

36 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## सातवीं बार रेपो रेट बरकरार, ईएमआई में नहीं मिलेगी राहत

### आरबीआई का ऐलान, महंगाई पर नजरें, मगर 7 फीसदी की ग्रोथ से जीडीपी बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति में फिर रेपो रेट को 6.50 पर स्थिर रखने का फैसला आज किया है। इससे पहले फरवरी में भी यही फैसला हुआ था। आज वित्त वर्ष 2024-25 की पहली भारतीय रिजर्व बैंक मॉनिटरी पॉलिसी की बैठक में कई फैसले भी लिए गए हैं। जबकि उम्मीद थी कि चुनाव से ठीक पहले आरबीआई अपने फैसले से चौंका सकता है, लेकिन आरबीआई ने लगातार सातवीं बार मॉनिटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो रेट को स्थिर रखने का फैसला लिया। ताजा निर्णय का मतलब है कि लोगों को अभी भी ईएमआई में राहत अभी नहीं मिलेगी गौरतलब है कि मई 2022 और फरवरी 2023 के बीच आरबीआई मौद्रिक नीति बैठक में रेपो दर को 250 बीपीएस बढ़ाया गया था, लेकिन इसके बाद से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। रिजर्व बैक गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 की पहली मौद्रिक नीति बैठक में रेपो रेट स्थिर रखने का फैसला लिया गया है। ऐसा लगातार सातवीं बार हुआ है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यस्था 7 फीसदी के रफ्तार से बढ़ेगी। वित्त वर्ष 2025 के पहली तिमाही में जीडीपी की रियल ग्रोथ 7.1 फीसदी, दूसरी तिमाही में 6.9 फीसदी और तीसरे-चौथे तिमाही में जीडीपी की ग्रोथ 7 फीसदी रहने का अनुमान है।



### 4 फीसदी ऊपर महंगाई, नियंत्रित करना प्राथमिकता

दास ने कहा कि कोर महंगाई दर में कमी देखने को मिली है लेकिन ये आरबीआई के तय लक्ष्य 4 फीसदी से अभी ऊपर है। इसे नियंत्रित लक्ष्य में लाना हमारी प्राथमिकता होगी। खाद्य महंगाई दर वित्त वर्ष 2025 के दूसरी तिमाही में ये आरबीआई के तय लक्ष्य 4 फीसदी के भीतर आने और 3.8 फीसदी पर रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों कीमतों की अनिश्चितता के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका है। महंगाई दर में वृद्धि पर आरबीआई सतर्क बनी हुई है। एमएसएफ रेट को 6.75फीसदी पर बरकरार रखा गया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एमपीसी के छह में पांच सदस्य रेपो रेट को अपरिवर्तित रखने के पक्ष में रहे।

### ऑल टाइम हाई पर विदेशी मुद्रा भंडार

मौद्रिक नीति निर्णयों पर आरबीआई गवर्नर ने कहा कि स्थायी डिपॉजिट फैसिलिटी रेट 6.25 फीसदी पर बनी हुई है और सीमांत स्थायी सुविधा दर और बैंक दर 6.75फीसदी पर बनी हुई है. शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत का फॉरेक?स रिजर्व ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया है। 29 मार्च तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 645.6 अरब डॉलर हो चुका है।

### जल्द बाहर मिलेंगे... अब सिसौदिया ने लिखी चिट्ठी



**नई दिल्ली ।** लगभग एक साल से शराब मामले मे जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया ने तिहाड़ जेल से अपनी विधानसभा पटपड़गंज की जनता के नाम पत्र लिखा है, जिसमें कहा कि जल्द ही जेल से बाहर मिलेंगे। सिसोदिया ने लिखा कि पिछले एक साल में मुझे सबकी याद आई, सब ने बहुत ईमानदारी से मिलकर काम किया। जैसे आजादी के वक्त सब ने लड़ाई लड़ी, वैसे ही हम अच्छी शिक्षा और स्कूल के लिए लड़ रहे हैं। अंग्रेजों को भी अपनी सत्ता का बहुत घमंड था, अंग्रेज भी झूठे आरोप लगाकर लोगों को जेल में बंद करते थे। उन्होंने कई साल तक महात्मा गांधी को जेल में रखा, नेल्सन मंडेला को भी जेल में डाला, सिसौदिया ने लिखा ये लोग मेरी प्रेरणा हैं और आप सब मेरी ताकत हैं।

### चुनाव आयोग का आतिशी को नोटिस



**नई दिल्ली एजेसी।** दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी सिंह के भाजपा जॉइन ना करने पर धमकी मिलने के आरोपों पर अब चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है और आतिशी को एक नोटिस भेजकर सोमवार दोपहर 12 बजे तक जवाब मांगा है। आयोग ने कहा है कि नोटिस के प्रत्येक पैरा का लिखित में जवाब दिया जाए। इससे पहले भाजपा ने भी आतिशी को नोटिस भेजा था। दरअसल तीन दिन पहले आतिशी सिंह ने बीजेपी जॉइन करने का ऑफर मिलने का आरोप लगाया था।

### लालू का कवित्व जागा, पीएम मोदी को घेरा



**पटना एजेंसी।** राजद सुप्रीमो लालू यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी पर कविता के जरिये हमला बोला है। मोदी ने कल जमुई से लालू, उनकी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर हमला किया था। लालू ने कविता के जरिए मोदी को झूठा करार दे दिया। सबसे पहले राजद सुप्रीमो ने पूछा कि क्यों है इतना झूठ? कौन बोलता है इतना झूठ? लालू ने आगे कहा कि नौकरी पर झूठ, इतिहास पर झूठ, विकास पर झूठ, वादों और इरादों में झूठ, हर जगह हर बात, हर सोच विचार में झूठ। इधर झूठ- उधर झूठ, दाएं भी झूठ- बाएं भी झूठ, परिवारवाद पर झूठ, भ्रष्टाचार पर झूठ बोल रहे वो लोग। अगर कोई बंदा भाजपा में आए तो राजनीतिक धंधा और विपक्ष में है तो वह गंदा।

### आज का कार्टून




### 30 लाख सरकारी नौकरियां, कर्ज माफी, महिलाओं को एक लाख का वादा

## 5 न्याय और 25 गारंटी वाला कांग्रेस का घोषणापत्र जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव के लिये कांग्रेस ने आज अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। इसमें पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का वादा किया है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस मुख्यालय में घोषणापत्र जारी किया गया। कांग्रेस के अनुसार, घोषणापत्र में पार्टी के पांच न्याय - 'हिस्सेदारी न्याय', 'किसान न्याय', 'नारी न्याय', 'श्रमिक न्याय' और 'युवा न्याय'- को शामिल किया गया है। जातियों और उपजातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की गणना के लिए एक राष्ट्रव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना का वादा तथा आंकड़ों के आधार पर सकारात्मक कार्रवाई के एजेंडे को मजबूत करने के साथ ही एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत बढ़ाई जाने की बात कांग्रेस ने कही है।

पार्टी ने 'युवा न्याय' के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है। पार्टी ने 'हिस्सेदारी न्याय' के तहत जाति जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की 'गारंटी' दी है। उसने 'किसान न्याय' के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है।



#### पर्सनल लॉ पसंद की आजादी

घोषणापत्र में दावा किया गया है कि पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक नागरिक की तरह, अल्पसंख्यकों को भी कपड़ा, भोजन, भाषा और व्यक्तिगत कानूनों की पसंद की स्वतंत्रता हो, व्यक्तिगत कानूनों में सुधार को प्रोत्साहित किया जायेगा। कांग्रेस का कहना है कि ऐसा सुधार संबंधित समुदायों की भागीदारी और सहमति से किया जाना चाहिए.

#### श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी

'श्रमिक न्याय' के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा कांग्रेस ने किया है। उसने 'नारी न्याय' के अंतर्गत 'महालक्ष्मी' गारंटी में गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने का वादा शामिल किया है।

#### अब दो दिन दो बड़ी सभाएं

अब कल जयपुर एवं हैदराबाद में जनसभाएं आयोजित की जाएंगी जिनमें काग्रेंस के शीर्ष नेता शामिल होंगे। जयपुर में आयोजित घोषणापत्र संबंधी रैली को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा संबोधित करेंगी। हैदराबाद में घोषणापत्र संबंधी जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे।

### मप्र मे भाजपा के अभियान से हलचल, दीपक सक्सेना थामेंगे कमल का साथ



**भोपाल।** मप्र में भाजपा के एक लाख कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं के भाजपा मे ंशामिल कराने के अभियान के तहत खासी हलचल है। दरअसल पीएम मोदी के जबलपुर रोड शो के एक दिन पहले इस अभियान में छिंदवाडा के कांग्रेस नेता व कमलनाथ के करीबी दीपक सक्सेना के भी आज शाम 5 बजे भाजपा में शामिल होने की संभावना हैं। नाथ ने दो दिन पहले उन्हें घर पहुंचकर समझाईश भी दी थी। लेकिन उनके बेटे पहले ही भाजपा में शामिल होचुके हैं। बताया जाता है आज शाम सीएम के मंडला दौरे से लौटने के बाद उनके निवास पर कार्यक्रम में दीपक भाजपा के हो सकते हैं।

### कल से पलटी मारेगा मध्यप्रदेश का मौसम



**भोपाल ।** मध्यप्रदेश का मौसम काफी दिनों से पूरी तरह शुष्क है। हवाओं का रुख भी पश्चिमी है, इस वजह से तपिश महसूस हो रही है। हालांकि हवाओं के साथ अरब सागर से कुछ नमी आने से ऊंचाई के स्तर पर बादल छा रहे हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, आज भी तपिश रहेगी लेकिन कल शनिवार से प्रदेश के अधिकतर शहरों में बादल छाने के आसार हैं। सात-आठ अप्रैल को राजधानी सहित कई शहरों में तेज हवा के साथ वर्षा भी हो सकती है। आज से कहीं-कहीं तेज रफ्तार से हवाएं चलने के साथ बूंदाबांदी का सिलसिला भी शुरू हो सकता है।

### पांच श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत

**फरीदकोट ।** कोटकपूरा के नजदीकी गांव पंजगराई खुर्द के पास टाटा एस और ट्राले की टक्कर हो गई। हादसे में दो महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को कोटकपूरा व फरीदकोट के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सभी लोग मुक्तसर के गांव मराड कलां के रहने वाले हैं और बाघा पुराना के गांव निगाहा में धार्मिक स्थल से माथा टेकने के बाद टाटा एस गाड़ी में सवार होकर वापस लौट रहे थे। पंजगराई खुर्द के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्राला ने उनको टक्कर मार दी।

**मेट्रो एंकर** — शराब से जुड़े मामले पर सुनवाई के दौरान दिलचस्प तर्क...

## सीजीआई के सामने सिंगल माल्ट का अफसाना!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के सामने एक वकील ने सिंगल मॉल्ट शराब का बड़ी तफसील से जिक्र कर दिया और बताया कि उन्हें सिंगल मॉल्ट पसंद है। इस वकील ने अपनी एडिनबर्ग शहर की यात्रा का भी जिक्र किया, जो सिंगल मॉल्ट का मक्का है। एडिनबर्ग का जिक्र करते हुए उन्होंने शराब से जुड़ा एक किस्सा भी सुना दिया।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संवैधानिक पीठ 'औद्योगिक शराब' बनाने, बेचने और आपूर्ति में केंद्र और राज्य के बीच शक्तियों के बंटवारे के मुद्दे पर सुनवाई कर रही है. इस संवैधानिक पीठ को चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ लीड कर रहे हैं। उनके साथ जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस अभय एस ओक, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस उज्जल भुइयां इस पीठ में शामिल हैं। फिलवक्त सुनवाई जारी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस पीठ के सामने ही वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश द्विवेदी अपना पक्ष रख रहे थे। इस दौरान उन्होंने सिंगल मॉल्ट शराब को अपनी प्राथमिकता बताया. उन्होंने कहा, 'मुझे सिंगल मॉल्ट शराब पसंद है। मैं एडिनबर्ग गया, जो सिंगल माल्ट शराब का मक्का है. मैं बर्फ के कुछ टुकड़े चाहता था. लेकिन वेटर इससे नाराज़ हो गया. उसने कहा कि आपको इसे नीट पीना है. आप इसमें कुछ मिला नहीं सकते. इसके लिए एक अलग गिलास है. पहली बार मुझे इसके बारे में पता चला।'



खास बात है इस मामले में सुनवाई चल रही थी तब दिनेश द्विवेदी ने अपने रंगीन बाल के लिए माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था, 'मेरे रंगीन बालों के लिए माफ़ी, ये होली की वजह से हुआ है। आस-पास बहुत सारे बच्चे और पोते-पोतियां होने का यही नुकसान है. आप अपने आप को नहीं बचा सकते।'इस पर सीजेआई चंद्रचूड़ ने भी उनसे मजाक किया था तथा पूछा था, 'इसका शराब से तो कोई लेना-देना नहीं?'इस पर दिनेश द्विवेदी ने भी हंसते हुए कहा था, ऐसा होता है मैं मानता हूं कि होली का मतलब आंशिक रूप से शराब है... मैं व्हिस्की का प्रशंसक हूं।

लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक़, ये मामला 2007 में 9 जजों की पीठ को भेजा गया था। ये उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 की धारा 18त्र की व्याख्या से संबंधित है. धारा 18त्र केंद्र सरकार को ये तय करने का अधिकार देती है कि अनुसूचित उद्योगों से संबंधित कुछ उत्पादों को सही तरीक़े से वितरित किया जाए और ये उचित दाम उपलब्ध हों. केंद्र सरकार इन उत्पादों की आपूर्ति, वितरण और व्यापार को नियंत्रित करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी करके ऐसा कर सकती है.हालांकि, संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची III के मुताबिक़, राज्य विधायिका के पास संघ नियंत्रण के तहत उद्योगों और इसी तरह के आयातित सामानों के उत्पादों के व्यापार, उत्पादन और वितरण को विनियमित करने की शक्ति है।

**ईद की तैयारी....**



ईद के नजदीक आते ही कारखाने में सिवैंया बनाने का काम तेजी पर है।

**प्याऊ का शुभारंभ ...**



भोपाल। टीला जमालपुरा पर नगर निगम एमआईसी सदस्य मनोज राठौर ने प्याऊ का शुभारंभ किया।

# हमीदिया में मरीजों की सेहत से खिलवाड़

## स्वास्थ्य आयुक्त करेंगे जांच



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के हमीदिया अस्पताल में मरीजों की सेहत से खिलवाड़ करने के मामले सामने आने के बाद इन पर संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य आयुक्त और अस्पताल अधीक्षक को जांच के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल मानव अधिकार आयोग ने यह एक्शन लिया है। इसके साथ ही मरीजों के उपयोग हेतु उपलब्ध कराई जा रही चादरों के स्वच्छ एवं संक्रमण से मुक्त होने के सम्बन्ध में हो रही त्रुटि को ठीक कराकर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि मरीजों को दिये जाने वाले चादरों को गंदी जगह पर सुखाया जा रहा है, जिस कारण चादरे संक्रमित हो सकती है। अस्पताल में चादर, ओटी ड्रैस समेत मरीजों को दिये जाने वाले कपड़ों को धुलने और सुखाने के लिये मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री है। लॉन्ड्री में ही चादरों और अन्य कपड़ों को सुखाने की शर्त थी। लेकिन इसके बावजूद उन्हे गंदी जगह में सुखाया जा रहा है।

## जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर नौनिहाल

**आयोग** ने भोपाल शहर के संत हिरदाराम नगर स्थित शासकीय बालक उमा विद्यालय और शासकीय कन्या उमा विद्यालय के नए भवन का कार्य शुरू नहीं होने से विद्यार्थियों को पूराने जर्जर भवन में ही पढ़ने की मजबूरी पर भी संज्ञान लेते हुए आयुक्त, संचालक स्कूल शिक्षा केन्द्र मप्र संचालनालय, भोपाल से मामले की जांच कराकर जवाब मांगा है। इसके साथ ही आयोग ने निशातपुरा थानातंर्गत में एक नाबालिग के साथ उसी के मोहल्ले में रहने वाले एक युवक द्वारा दुराचार करने, भोपाल शहर के वार्ड नंबर 41 में एक राशन हितग्राही को बीपीएल कार्ड की स्वीकृत होने के बाद भी राशन पर्ची जारी नहीं होने के मामले, पीजीबीटी स्थित जिला प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में बिना अनुमति के परिसर में बाइकर्स द्वारा फर्राटे भरने, कोलार क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 81 में वंदना कॉलोनी की सड़कों पर सीवेज का गंदा पानी बहने और कचरा का ढेर जमा होने के मामले में संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

## डिवाइडर से हादसों पर पुलिस आयुक्त और मुख्य अभियन्ता से जवाब तलब

**भोपाल** शहर में डिवाइडर से लगातार हो रहे हादसों के मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने पुलिस आयुक्त और लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियन्ता को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही दुर्घटना के लिए जोखिम पूर्ण बताये गये ब्लेक स्पाट शीघ्र सुरक्षित करवाने जाने के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी तीन सप्ताह में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि शहर के साक्षी ढाबे से लॉ यूनिवर्सिटी तक निर्माणाधीन सड़क पर लोग आये दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे है। इसी सड़क पर कुछ दिन पहले 11वीं के एक छात्र की मृत्यु भी हो चुकी है। सड़क पर डिवाइडर बनाने में भी बड़ी लापरवाही सामने आई है। अंधा मोड़ होने के साथ ही टर्निंग रेडियस भी कम है, जिसके चलते लोग डिवाइडर में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है।

### स्कूलों की मनमानी पर प्रशासन का हंटर....

# कोर्स में बदलाव नहीं कर सकेंगे स्कूल, लेनी होगी पहले अनुमति, अपलोड करनी होगी जानकारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी जारी है। लगातार मिलती शिकायतों को देखते हुए शासन-प्रशासन भी कार्यवाही को लेकर सख्त हो गया है। निजी स्कूल संचालक सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कोर्स और अन्य शिक्षण सामग्री को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। जिसके अनुसार, अब सभी निजी स्कूलों को कोर्स टाई, बेल्ट, ड्रेस की जानकारी पब्लिक डोमेन में भी अपलोड करने होंगे। नई गाइडलाइन का सभी निजी स्कूल, एमपी बोर्ड, सीबीएससी सहित अन्य संवर्ग के स्कूलों को पालन करना होगा। कोई भी स्कूल संचालक दो वर्ष के पहले संस्थान में पढ़ाए जा रहे कोर्स में बदलाव नहीं कर सकेगा। बदलाव करने की स्थिति में अनुमति लेना जरूरी होगा। उल्लेखनीय है किसंयुक्त संचालक ने 31 मार्च तक निजी स्कूलों को पाठ्यक्रम सहित किताबों और फीस की सूची देने के निर्देश दिए थे, लेकिन सिर्फ लगभग 17 प्रतिशत स्कूलों ने ही आधी-अधूरी जानकारी दी है। राजधानी में 321 में से करीब 54 स्कूलों ने ही पाठ्यक्रम की सूची सौंपी है। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) की अनदेखी के कारण अब तक स्कूलों ने जानकारी नहीं दी है, जबकि कई स्कूलों ने पाठ्यक्रम में भी बदलाव कर दिया है तो कुछ ने गणवेश बदल दिए हैं। इस कारण अभिभावक परेशान हो रहे हैं।

## अभिभावकों को बड़ी राहत, स्कूलों का हो निरीक्षण

नई गाइडलाइन से राजधानी के लाखों अभिभावकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। उनको महंगे दामों में कोर्स सहित अन्य सामग्री नहीं खरीदनी होगी। राजधानी के सभी निजी स्कूलों की जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने चार समितियां गठित की हैं। ये समितियां प्रत्येक स्कूल में जाकर वहां के पाठ्यक्रम में पढ़ाई जा रही पुस्तक और अन्य शिक्षण सामग्री की जानकारी जुटाएंगी, जिसकी रिपोर्ट कलेक्टर को पेश की जाएगी। प्रत्येक स्कूल की जांच होने से शिक्षा विभाग के पास रिकार्ड एकत्रित हो जाएगा कि किस स्कूल में कौन सी किताबें पढ़ाई जा रही हैं। पुस्तकों की जानकारी पब्लिक डोमेन में आने से ज्यादा से ज्यादा दुकानदार इन किताबों को बेच सकेंगे।

# भोज विवि में शुरू होंगे तीन नए स्टडी सेंटर, सीयूईटी के माध्यम से होंगे प्रवेश

## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र की बाह्य विशेषज्ञ समिति की बैठक कई अहम फैसले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र की बाह्य समिति की द्वितीय वार्षिक बैठक गुरूवार को बोर्ड रूम मे हुई। बैठक की अध्यक्षता मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय तिवारी द्वारा की गई। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया भी उपस्थित रहे। समिति में बाह्य सदस्यों के रूप में प्रो (डॉ) राजेंद्र प्रसाद दास, कुलपति, कृष्णकांत हांडिक स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी गुवाहाटी, असम एवं डॉ. संतोष पांडा, डायरेक्टर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली सम्मिलित हुए। बैठक में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के तीन मुख्य क्षेत्रों- अकादमिक, प्रशासनिक एवं अधोसंरचना से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श हुआ। डॉ. राजेंद्र प्रसाद दास एवम डॉ. संतोष पांडा ने बैठक में उच्च शिक्षा विभाग मप्र द्वारा मप्र भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय को समाजशास्त्र विषय का भारतीय ज्ञान परंपरा का केंद्र बनाने के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। इसी कड़ी में बहुत जल्द तीन नए स्टडी सेंटर के आरंभ होने की भी सूचना दी गई। साथ ही साथ आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र व विवि के विभिन्न विभागों द्वारा तैयार कराई गई अकादमिक व अन्य गतिविधियों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। बैठक के अंत में समिति सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय आगामी सत्र 2024-25 से प्रवेश प्रक्रिया सीयूईटी के माध्यम से कराए जाने की भी सूचना दी गई। इसके अतिरिक्त कई अन्य मुख्य बिंदुओं पर भी सदस्यों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए एवं कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों पर निर्णय भी लिए गए।

# भारतीय सेना सिर्फ एक नौकरी नहीं जिंदगी जीने का तरीका है : पारवानी

## इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में विशेष सत्र

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में गुरूवार को विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कर्नल नारायण पारवानी ने भारतीय सेना के बारे में संस्थान की छात्राओं को प्रेरित किया। सत्र के प्रारंभ में संस्थान के डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने सिद्धभाऊजी, कर्नल नारायण पारवानी, घनश्यामदास बूलचन्दानी, के. ऐल. रामनानी एवं हीरो ज्ञानचंदानी का स्वागत किया।

ठाकुर ने भारतीय सशस्त्र सेना के बारे में प्रकाश डाला एवं कर्नल पारवानी का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कर्नल पारवानी ने अपने जीवन के 31 वर्ष भारतीय सेना को समर्पित किये, वे बहादुर एवं वीरता की मिसाल है।

कर्नल पारवानी ने भारतीय सशस्त्र सेवा की वीरता, यश एवं साहस के किस्से सुनाए।उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा का सबसे बेहतर माध्यम है भारतीय सेना। उन्होंने बताया कि भारतीय सशस्त्र सेना में जल सेना, थल सेना, वायु सेना के अलावा असम राइफल्स और इंडियन कोस्ट गार्ड के साथ साथ पैरामिलिट्री संगठन भी होते हैं, जो भारतीय सशस्त्र सेना के साथ काम करते हैं। न केवल बाहरी सुरक्षा, बल्कि देश के अंदर घटने वाली आपदाओं में भी जब साड़ी व्यवस्थाएं असफल हो जाती है, तब भारतीय सेना को हमेशा याद किया जाता है। अपने देश के लिए गर्व



करने की भावना को लेकर भारतीय सेना से बेहतर कुछ भी नहीं हो सकता। वर्तमान में महिलाओं के लिए सेना में कई विकल्प है, जिसके द्वारा वे भारतीय सेना में अपना भविष्य को चुन सकती हैं।

आपने पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन एवं वीडियो के माध्यम से भारतीय सेना में शामिल होने के लिए जानकारी को छात्राओं को दी। सिद्धभाऊजी ने सत्र को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरक बताया। उन्होंने कर्नल पारवानी को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया।

**मेट्रो एंकर** संत-साधु, धर्मगुरूओं को दिया न्योता, संस्थाओं ने लिया शोभा यात्रा को भव्य बनाने का संकल्प

# सिंधु समाज ने चैतीचांद शोभा यात्रा की तैयारियां तेज कीं

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सामाजिक संस्था ''सिंधू समाज के 63वें चैतीचांद समारोह दो दिवसीय आयोजनों के बीच मनाएगी। जहां 10 अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी और सिंधी दिवस मनाया जाएगा। वहीं 11 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

सिंधू समाज द्वारा गठित चैतीचांद उत्सव समिति के संयोजक कन्हैयालाल इसरानी के नेतृत्व में साधु-संत, धर्मगुरूओं का आशीर्वाद एवं शोभा यात्रा को सफल बनाने की अपनी स्वीकृति दी है। सिंधू समाज के अध्यक्ष मोहनलाल चंदनानी, उपाध्यक्ष हरीश मेहरचंदानी, महासचिव भरत आसवानी ने गुरुजनों का आभार माना है।

झूलेलाल कल्याण मण्डलम समिति के अध्यक्ष राजकुमार वाधवानी ने बताया कि उनकी संस्था भी



### भोले के दरबार को न्योता

भगवान झूलेलाल की शोभा यात्रा एवं कार्यक्रम के संयोजक कन्हैयालाल इसरानी, पूज्य सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष साबू रिजवानी, सह संयोजक दिनेश वाधवानी, नरेंद्र लालवानी, मनोहर विधानी, अमित बिनवानी ने भोले के दरबार पहुंचकर शिव महापुराण कथा वाचक मुकेश जी महाराज को निमंत्रण दिया और शॉल उड़ाकर मुकेशजी का आशीर्वाद लिया।

कार्यकर्ताओं के साथ भव्य शोभायात्रा का हिस्सा होगी। इसी प्रकार, संतनगर की सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक, एवं व्यापारिक संस्थाओं ने भी पर्व को सफल बनाने का संकल्प लिया है।

उल्लेखनीय है कि जहां 10 अप्रैल को लक्ष्मी देवी विक्योमल सर्राफ सभागृह में, सायं 4 बजे पूज्य बहराणा साहिब की ज्योति जगाकर, भगवान झूलेलाल की जय-जयकार की जायगी तथा विधिवत पूजा, आरती, पल्लव एवं धूमधाम से छेज का आयोजन कर सिंधियत का घोष किया जाएगा।

सिंधू समाज के सचिव पुरुषोत्तम हरचंदानी, सुरेश मांझानी, दयाल दोलतानी ने बताया कि जुलूस सिंधू समाज भवन से ठीक 5 बजे रवाना होगा, जिसमें रथ पर सवार भगवान झूलेलाल नगर का भ्रमण कर आर्शीवाद की मुद्रा में होते हुए शोभा यात्रा को आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रहेगे।

सिंधू समाज के मुख्य सलाहाकार साबू रीझवानी ने यह भी बताया कि सिंधू समाज के तत्वाधान में चेटीचंड के उपलक्ष्य में अंतराष्ट्रीय राक स्टार नील तलरेजा अपने साथियों के साथ 11 अप्रैल को रात्रि 8 बजे साधू वासवानी स्कूल ग्राउंड पर सिंधी लोक गीत, संगीत, नृत्य, ग्रुप डांस आदि विभिन्न प्रस्तुतियां पेश कर निश्चित रुप से सिंधियत भरी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे।

# 7 अप्रैल को फूलों की होली खेलेंगे एमवीएम के छात्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी संगठन (एमवीएम एलुमिनी )ने रविवार 7 अप्रैल को सुबह 11 बजे से महाविद्यालय के सभागार में फूलों से होली खेलने का कार्यक्रम आयोजित किया है। इसके लिये एमवीएम के पूर्व छात्र - छात्राएं लगभग 3 क्विंटल फूलों का इंतजाम भी कर रहे हैं। एमवीएम एलुमिनी का होली के अवसर पर होने वाला यह तीसरा बड़ा आयोजन होगा, जिसमे फिर एक बार बड़ी संख्या में पूर्व छात्र भाग लेंगे। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और गीत संगीत भी प्रस्तुत किए जाएंगे । पूर्व छात्रों को जहां एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलेगा, वही वह अपनी पुरानी स्मृतियों को भी ताजा करेंगे। पूर्व छात्रों में अनेक ऐसे भी हैं जो वर्तमान में कॉलेज के प्राध्यापक अथवा सेवानिवृत प्राध्यापक भी है। अभी तक लगभग 250 पूर्व छात्र छात्राएं अपना पंजीयन करा चुके हैं । आयोजन समिति के अध्यक्ष रवि शंकर पांडे और संयोजक उपेंद्र सिंह तोमर का कहना है कि कॉलेज से निकले अनेक पूर्व छात्र जो आज विभिन्न पदों पर आसीन हैं,वे भी इसमे भाग लेंगे।

# हजारों फाइलें जलीं ,करोड़ों रुपए का नुकसान, लेकिन जिम्मेदार कोई नहीं !

**– मंत्रालय, सतपुड़ा भवन और विंध्याचल में आग लगने का मामला**
**– अब तक इन तीनों भवनों में पांच बार लग चुकी है भीषण आग**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मंत्रालय, सतपुड़ा भवन और विंध्याचल। सरकार के ये तीन ऐसे भवन है जहां से प्रदेश भर की व्यवस्थाएं बनती है और चलती भी है। इन भवनों में 5 बार आग लगी, हजारों फाइलें जल गईं, करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ और सरकारों पर गंभीर से गंभीर आरोप लगे। लेकिन मजाल है कि सरकार ने आग की इन घटनाओं के लिए जिम्मेदारों को पकड़ा हो और उन पर कार्रवाई की हो। हर बार रटा–रटाया जवाब है। जैसे– आग का कारण तो शार्ट सर्किट हो सकता है लेकिन विशेषज्ञों की माने तो शार्ट सर्किट की स्थिति भी अनदेखी और लापरवाही के कारण ही बनती है। इसके लिए तो जिम्मेदारों को आसानी से पकड़ा जा सकता था लेकिन यहां तक भी सरकार नहीं पहुंची। यही नहीं, आगे किसी भवन में आग न लगे, इसकी भी गारंटी नहीं है।

### जहां सब कुछ ठीक वहां ऐसा नहीं होता

किसी भी स्थान पर आग लगती नहीं है, बल्कि लापरवाही इस हद तक हावी हो जाती है कि वह आग में बदल जाती है। मंत्रालय, सतपुड़ा भवन और विंध्याचल में भी ऐसा ही होने की आशंका है। विशेषज्ञों का मानना है कि शार्ट सर्किट होने जैसी जो स्थिति पैदा होती है उसके लिए जिम्मेदार कारणों में से एक बिजली तारों व उपकरणों के रख–रखाव में अनदेखी करना भी शामिल है। मंत्रालय के जिस पुराने भवन में आग 9 मार्च को आग लगी थी उस भवन में जगह—जगह से बोर्ड निकल थे, तार झूल रहे थे। समय–समय पर रख–रखाव करने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की विद्युत शाखा के जिम्मेदारों की थी। पहले ये तीनों भवन सीपीए की निर्माण विंग के भरोसे थे। जब इसे बंद किया तो पीडब्ल्यूडी को जिम्मा सौंप दिया। इस तरह पीडब्ल्यूडी के संभाग–2 की विद्युत यांत्रिकी शाखा के कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी, उपयंत्री समेत अन्य को तीनों भवनों में विद्युत संबंधी व्यवस्थाएं देखने का जिम्मा मिला है।

### कब कहां लगी आग

– 09 मार्च 2024 को मंत्रालय के पुराने भवन में आग लगी। पांचवे माले का 75 फीसद हिस्सा चपेट में आया था। हजारों फाइलें, फर्नीचर व उपकरण खराब हो गए।
– 22 मार्च 2016 को आग लगी थी। तब मुख्यमंत्री के कार्यालय क्रमांक 523 व उसके आसपास के कैबिन जल गए। फाइलें, फर्नीचर व उपकरण आग की भेंट चढ़ गए। तब मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से जुड़ी हजारों फाइलें आग की भेंट चढ़ गई थी।
– 12 जून 2023 की शाम करीब पौने 4 बजे पहली बार सतपुड़ा भवन में तीसरे माले पर भीषण आग लगी थी जिसने, चौथे व पांचवे माले को चपेट में ले लिया था। 18 घंटे तक बचाव कार्य चला था। इन तीनों माले में रखे करोड़ रुपये के फर्नीचर, फाइलें, कम्प्यूटर, एसी समेत अन्य उपकरण जलकर खाक हो गए थे।
– 20 फरवरी 2024 को दूसरी बार सतपुड़ा में आग लगी, तब बड़ा नुकसान नहीं हुआ।
– 4 अक्टूबर 2015 व 29 नवंबर 2013 को विंध्याचल भवन में 2 बार आग लगी। यहां भी हजारों फाइलें, दस्तावेज और फर्नीचर जलकर राख हो गए।



**अब तक 63 करोड़ 50 लाख से अधिक मूल्य की सामग्री जब्त**

# चुनाव के दौरान नगद राशि, अवैध शराब, मादक पदार्थ, जेवरात का परिवहन बढ़ा




**भोपाल, दोपहर मेट्रो। लोकसभा चुनाव में पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को प्रदेश की 6 सीट मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा, जबलपुर व सीधी में वोट पड़ने है। बाकी की सीटों पर तीन अलग–अलग चरणों में वोटिंग होनी है। चुनाव के दौरान मप्र में अवैध शराब, मादक पदार्थ, कीमती जेवरात और नगद राशि का परिवहन बढ़ता ही जा रहा है। पिछले 15 दिनों में आयोग ने 63 करोड़ 50 लाख से अधिक मूल्य की सामग्री जब्त की है। इसमें नगद राशि भी शामिल है।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाही की जा रही है। 16 मार्च से 2 अप्रैल तक 6 करोड़ 58 लाख 53 हजार 49 रूपये नगद राशि सहित 63 करोड़ 50 लाख 16 हजार 304 रूपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी हैं। इसमें 11 लाख 32 हजार 859 लीटर मदिरा भी जब्त की गयी है, जिसका मूल्य 17 करोड़ 95 लाख 55 हजार 629 रूपये है। वहीं 14 करोड़ 34 लाख 35 हजार 955 रूपये मूल्य के 10 हजार 285 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 3 करोड़ 92 लाख 71 हजार 21 रूपये मूल्य की 199 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ भी जब्त की गई हैं। साथ ही 20 करोड़ 69 लाख 650 रूपये मूल्य की अन्य सामग्री (रेडीमेड गारमेंटस् आदि) जब्त की गई हैं।




### छिंदवाड़ा में मोटरसाइकल वितरण पर कांग्रेस ने ली आपत्ति, कलेक्टर को हटाने की मांग, चुनााव आयोग पहुंची पार्टी

लोकसभा चुनाव के आम चुनाव के अंतर्गत पूरे देश में आदर्श आचार संहिता का हवाला देते हुए कांग्रेस ने मप्र के छिंदवाडा संसदीय क्षेत्र में इसके उल्लंखन की शिकायत दर्ज कराई है। चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने आयोग को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी/कलेक्टर छिंदवाड़ा शीलेन्द्र सिंह द्वारा भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में खुलकर भाजपा के पक्ष में कार्य किया जा रहा है। कल 6 अप्रेल, को एसडीलॉन नागपूर रोड़ छिन्दवाडा में राष्ट्र स्तरीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएम मोहन यादव एवं लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न होने जा रहा है, जिसमें आमंत्रण पत्र में स्पष्ट प्रकाशित है कि प्रत्येक जोड़े को एक–एक मोटर साईकल जो कि करीब बाजार में कीमत 1.50 लाख की है तथा सम्मेलन में सभी जोड़ों एक–एक लाख का ग्रहस्थी का सामान व जेवर दिया जा रहा है जिसमें लगभग 1 लाख मतदाता उपस्थित रहेंगे, जिसमें भोजन इत्यादी की व्यवस्था भी की गई है, विवाह कार्यक्रम टीवी एवं पेपर में विज्ञापन में लकी ड्रा के माध्यम से चुने हुए जोड़ों को कार देने का भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उक्त सम्पूर्ण कार्यक्रम के अध्यक्ष भाजपा प्रत्याशी होने से स्पष्ट है कि कार्यक्रम भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू व मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन देने के उद्देश्य से किया जा रहा है, यह आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। धनोपिया ने विवाह सम्मेलन के कार्यक्रम को तत्काल निरस्त करने व कलेक्टर को हटाने के साथ ही विवेक साहू बंटी एवं मुख्यमंत्री के विरूद्ध आमजनता को प्रलोभन देकर चुनाव को प्रभावित करने का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

### इंदौर में चुनाव प्रभारी ओझा का किनारा


भोपाल। महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा ओझा द्वारा आगामी दिनों में पार्टी का काम करने से अक्षमता जाहिर करने से चर्चा तेज है कि उन्होंने आलोचना से नाराज होकर यह कदम उठाया है। हालांकि उनकी तरफ से स्पष्ट किया गया है कि उनकी बहन के गंभीर बीमार होने की वजह से वे कामकाज से दूर हो रही हैं। ओझा ने इस बारे में प्रदेश के प्रभारी भंवर जितेंद्रसिंह के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संदेश भेजा है। दरअसल कुछ ही दिन पहले ओझा को इंदौर लोकसभा सीट का प्रभारी बनाया गया था। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल को भी उनके साथ प्रभारी बनाया था। मगर पटेल उप्र में अपनी व्यस्तता का हवाला देकर इंदौर में समय न दे सकने की बात कह चुके हैं। वैसे तो ओझा को प्रभारी बनाए जाने के बाद कांग्रेस नेता अनूप शुक्ला ने आलोचना करते हुए पोस्ट की थी। उन्होंने लिखा था कि पार्टी ने उन्हें विधायक से लेकर महापौर तक का चुनाव लड़ाया, लेकिन एक चुनाव नहीं जीत सकी। चुनाव के बाद वे कार्यकर्ताओं के बीच नहीं रहती। दिल्ली में प्रभाव के दम पर पद लेकर आ जाती है।

### मुख्यमंत्री संग वीडी का रोड शो



सीएम मोहन यादव ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी एवं भाजपा की लोकप्रियता जन–जन तक पहुंच चुकी है। कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह है। जनता के समर्थन और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी दमोह ही नहीं, हर लोकसभा सीट पर बड़ी जीत हासिल करेगी। मुख्यमंत्री ने यह बात दमोह में पार्टी प्रत्याशी राहुल लोधी के समर्थन में आयोजित रोड शो के दौरान कही। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, मंत्री प्रहलाद पटेल, पूर्व मंत्री जयंत मलैया, गोपाल भार्गव नें मोह कलेक्ट्रेट कार्यालय में लोकसभा के पार्टी प्रत्याशी श्री राहुल लोधी का नामांकन दाखिल कराया। जनता का अभिवादन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दमोह की धरती पर यह रोड शो मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता का आशीर्वाद प्राप्त करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

# 10 से 15 अप्रैल के बीच 5वीं और 8वीं के रिजल्ट जारी करने की तैयारी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की गई कक्षा 5वीं 8वीं की परीक्षाओं के परिणाम राज्य शिक्षा केंद्र 10 से 15 अप्रैल के बीच जारी कर सकता है। प्रदेश भर के सरकारी व निजी स्कूलों के करीब 25 लाख विद्यार्थी परिणाम के इंतजार में है। राजधानी के चार मूल्यांकन केंद्रों पर 3200 शिक्षकों को सा? पांच लाख से अधिक कापियों को जांचने के लिए लगाया गया है। इसमें अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की कापियां जांचने के लिए निजी स्कूल के करीब डेढ़ हजार शिक्षक हैं। विभागीय जानकारों की मानें तो यह परिणाम एक अप्रैल को आना था, लेकिन अब तक 70 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य पूरा हुआ है। मूल्यांकन कार्य 31 मार्च तक समाप्त करना था। वहीं शिक्षक मूल्यांकन केंद्र नहीं पहुंच रहे हैं। इस कारण उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने का काम नहीं पूरा हो पा रहा है। ऐसे में अब तक अप्रैल के पहले सप्ताह में रिजल्ट आना बहुत मुश्किल लग रहा है।

## 30 तक कर सकेंगे मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेजों की फीस तय कराने आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों की फीस तय कराने के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 30 अप्रेल है। इसके लिए कॉलेज संचालक प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। कमेटी के ओएसडी देव आनंद हिंडोलिया ने बताया कि फीस कमेटी कॉलेज की कॉस्ट ऑफ एजुकेशन को देखते हुए फीस तय करेगी। कमेटी यह देखेगी कि कॉलेज जितनी फीस की मांग कर रहे हैं, वह उतना छात्र की शिक्षा पर खर्च भी कर रहे हैं या नहीं। इसके बाद ही दी जा रही सुविधाओं के आधार पर कॉलेजों की फीस तय की जाएगी। खास बात यह है कि हर कॉलेज के लिए फीस तय करवाना जरूरी होता है। अगर कॉलेज फीस तय नहीं कराते हैं, तो वे काउंसलिंग की प्रक्रिया में हिस्सा भी नहीं ले सकते हैं। भले ही फीस बढ़ाई नहीं जाए। कमेटी कॉलेजों की फीस तीन साल के लिए तय करती है।



**मेट्रो एंकर**

**कॉलेज व विश्वविद्यालयों की छात्राएं ले सकती हैं भाग**

# छात्राओं के लिए ट्रिपल आईटी में होगी टेक स्किल समिट, आवेदन का आखिरी दिन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

छात्राओं के कौशल विकास के लिए भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) में 6 अप्रेल को टेक स्किल सम्मिट का आयोजन किया जा रहा है। चयनित छात्राओं को कार्यक्रम के शुल्क का 80 प्रतिशत भाग बजाज समूह द्वारा छात्रवृति के रूप में दिया जाएगा। प्रशिक्षित छात्राओं को औद्योगिक ईकाइयों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए संस्थान के अलावा अन्य कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों की छात्राएं भी आवेदन कर सकतीं हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 5 अप्रेल है। यह कार्यक्रम बजाज इंजीनियरिंग स्किल्स ट्रेनिंग सेंटर, वनस्थली विद्यापीठ द्वारा आयोजन किया जाएगा। संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी अजय श्रीवास्तव ने बताया कि वनस्थली विद्यापीठ ने बजाज ग्रुप के साथ मिलकर महिलाओं के कौशल उन्नयन के लिए एक केंद्र की स्थापना की है। बजाज समूह और वनस्थली विद्यापीठ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस ड्राइव में डिप्लोमा एवं बीटेक के कप्यूटर सांइस, इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन, मेकरट्रोनिक्स एवं समकक्ष




पाठ्यक्रमों की छात्राएं शामिल हो सकती हैं। इस ड्राइव में डिप्लोमा छात्राओं को 4 माह और बीटेक छात्राओं को 8 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण न्यूमेटिक, रोबोटिक्स, मेकाट्रोनिक्स, एआई, सीएलसी, एससीएडीए, एचएमआई और आदि क्षेत्रों में दिया जाएगा।




## सुविचार

खुद में झांकने के लिए
जिगर चाहिए
वरना दूसरों की शिनाख्त में
तो हर शख़्स माहिर है।
-अज्ञात

## संपादकीय

# नई नसीहत और जांच एजेंसी

नई नसीहत और जांच एजेंसी केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। खासतौर पर बीते कुछ वर्ष में यह सिलसिला तेज होता जा रहा है। अदालतें भी उनकी जिम्मेदारी और जवाबदेही याद दिला चुकी हैं।अब इसी बीच सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने भी कह दिया है कि जांच एजेंसियों को उन अपराधों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो देश की सुरक्षा, आर्थिक स्थिति और लोकव्यवस्था के लिए असल में खतरा पैदा करते हों। उन्होंने इस पक्ष को भी रेखांकित किया कि जांच अनिवार्यताओं और व्यक्तिगत गोपनीयता अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की तत्काल आवश्यकता है। प्रधान न्यायाधीश के इस कथन को प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और आयकर विभाग की पिछले कुछ सालों में की गई छापेमारी और गिरफ्तारियों, जब्ती वगैरह के मद्देनजर देखें, तो स्थितियां स्वत- स्पष्ट हो जाती हैं। हालांकि प्रधान न्यायाधीश की इस नसीहत को जांच एजंसियां कितनी गंभीरता से लेंगी और उस पर कितना अमल करेंगी, यह कहना मुश्किल है। बेशक प्रधान न्यायाधीश ने ये बातें सीबीआइ के ही एक आयोजन में कहीं। मगर जैसा कि अनेक मामलों में देखा जाता है, सार्वजनिक मंचों से कही बातों को अक्सर आदर्श वक्तव्य की तरह केवल सुन लिया जाता है, उन पर अमल करना जरूरी नहीं समझा जाता। इन एजेंसियों पर लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि वे सरकार के इशारे और उसकी इच्छा के अनुरूप काम करती हैं। पिछले कुछ वर्षों में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के इरादे से लगातार की जा रही कार्रवाइयों के मद्देनजर ये आरोप निरंतर गाढे होते जा रहे हैं। बड़ी वजह यह भी है कि अधिकतर कार्रवाइयां विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ हैं। उसमें कई नेताओं को सलाखों के पीछे भी डाला गया। अनेक मामलों में आरोप लगते रहे कि गलत तरीके से जब्ती की गई, पूछताछ के नाम पर लोगों को नाहक परेशान और प्रताड़ित किया गया। यह सवाल भी पूछा जाता है कि जांच एजेंसियां जितने छापे मारती और कार्रवाइयां करती हैं, उनमें से पांच फीसद मामलों में भी दोष सिद्ध नहीं हो पाते। धनशोधन निवारण कानून की धाराएं इतनी सख्त हैं कि उनके तहत गिरफ्तार किए गए लोगों को तब तक जमानत नहीं दी जाती, जब तक कि वे निर्दोष साबित नहीं हो जाते। इसलिए सर्वोच्च अदालत ने पहले भी कहा था कि इस कानून के तहत गिरफ्तारी से पहले जांच एजेंसियों को पूरी तरह आश्वस्त होना चाहिए कि मामले में दोषसिद्धि की कितनी संभावना है। इन ताबड़तोड़ छापों से परेशान होकर विपक्षी दलों ने इन पर रोक लगाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय से गुहार लगाई थी, तब अदालत ने कहा था कि धनशोधन का मामला आतंकवादी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से भी जुड़ा हो सकता है, इसलिए एजेंसियों को इस काम से रोका नहीं जा सकता। मगर अब प्रधान न्यायाधीश ने इनका दायरा स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें उन्हीं मामलों पर अपना ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, जिनसे राष्ट की सुरक्षा, आर्थिक स्थिति और लोकव्यवस्था को खतरा पैदा होता हो। उसमें व्यक्ति के निजी अधिकारों की सुरक्षा का भी ध्यान रखने की जरूरत है। जांच के नाम पर अक्सर व्यक्तियों के फोन, कंप्यूटर जैसे निजी उपकरण भी जब्त कर लिये जाते हैं। जिनमें उनकी व्यक्तिगत सामग्री हो सकती है। जहां तक इन एजेंसियों की बात है तो उसे नैतिक व कानूनी तकाजों का ध्यान भी रखना चाहिये।

## आज का इतिहास

- 1320 - स्कॉटलैंड की स्वतंत्रता की घोषणा।
- 1606 - मुगल शासक जहांगीर के खिलाफ उनके पुत्र राजकुमार खुसरो ने अपने बगावत की।
- 1656 - शिवाजी महाराज ने चंद्रराव मोरे को हराकर रायगढ़ किले पर कब्जा किया।
- 1672 - फ्रांस ने नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1727 - डेनमार्क ने हनोवर की संधि पर हस्ताक्षर किया।
- 1814 - निर्वासित नेपोलियन बोनापार्ट एल्बा के लिए रवाना हुए।
- 1886 - हैदराबाद के अंतिम निजाम उस्मान अली खान का जन्म।
- 1896 - यूनान के एथेंस में पहले आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरूआत।
- 1909 - अमेरिकी नागरिक राबर्ट पियेरी और मैथ्यू हैंसन ने पहली बार उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने का दावा किया।
- 1917 - प्रथम विश्व युद्ध में अमेरिका ने जर्मनी के खिलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
- 1919- गांधी जी ने रॉलेट एक्ट कानून के खिलाफ अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया।
- 1930 - दांडी यात्रा की समाप्ति के बाद महात्मा गांधी ने नमक सत्याग्रह शुरू किया।
- 1942 - जापानी विमानों ने पहली बार भारत पर बमबारी की।
- 1955 - अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1957 - सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1966 - भारतीय तैराक मिहिर सेन ने पाक जलडमरूमध्य तैर कर पार किया।
- 1980 - भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई।
- 1982 - दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित उपनिवेश फाकलैंड पर अर्जेन्टीना ने अधिकार किया।
- 1998 - पाकिस्तान ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया।
- 2009 - इटली में 6.3 तीव्रता वाले भूकंप के कारण लगभग 258 लोगों की मैत।
- 2010 - भारत के तत्कालिन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी और भारत के दौरे पर आए अमेरिकी वित्त मंत्री टिमोथी गेथनर ने आर्थिक साझेदारी के समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 2013 - राही सरनोबत ने दक्षिण कोरिया के चांगवान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल परिसंघ विश्वकप प्रतियोगिता की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

2020 - केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संसद सदस्य वेतन,भत्ते और पेंशन अधिनियम 1954 संशोधन के लिए अध्यादेश को मंजूरी दी, जिससे सांसदों का वेतन एक वर्ष के लिए 30 प्रतिशत कम हो गया।

## निशाना

### करके है दिखाना!



- कृष्णेन्द्र राय

आ गया हूं बाहर ।
अब नहीं घबराना ।।
पार्टी को मजबूत ।
करके है दिखाना ।।
है समय संघर्ष का ।
रखना इसको याद ।।
रोक न सकता कोई ।
होने से आबाद ।।
चप्पा-चप्पा दौड़ना ।
ना घटा आधार ।।
होके रहेगा जल्द ही ।
नया चमत्कार ।।
कह रहे वो घूम घूम ।
है ऐसा विश्वास ।।
छूटना है सबको ।
ना होना उदास ।।

# खुशियों-उत्कंठा से महरूम करती शिक्षा पद्धति

## जेईई, नीट, सीक्यूईटी इत्यादि, में अपनी कुव्वत सिद्ध करने के लिए इनमें बैठना ही पड़ेगा। इस चिंता ने उसकी हंसी, उसकी अलमस्ती, उसकी नींद और उसकी जीवन ऊर्जा छीन ली

■ अविजीत पाठक

पिछले कुछ वक्त से, जिस युवा विद्यार्थी से मेरा जुड़ाव गहरा है, उसमें बदलाव होते देख रहा हूं। एक समय था जब वह खिलंदड़ हुआ करता था। साइकिल चलाने से लेकर फुटबॉल के मैदान में या गुणवत्तापूर्ण साहित्य पढ़ने से लेकर अपने मनोभावों को लेखों और लघु कहानियों में पिरोने का आनंद उठाने तक-वह असीम सृजनात्मक ऊर्जा से लबरेज़ हुआ करता था। लेकिन इन दिनों लगता है वह निरंतर तनाव, भय में है और उखड़ा-उखड़ा रहता है। कुछ दिन पहले ही उसने 12वीं कक्षा की बोर्ड-परीक्षा दी है। उसे चिंता है कि क्या वह परीक्षा में कम से कम 97 फीसदी अंक ले पाएगा या नहीं। इसके अलावा प्रवेश परीक्षाओं की एक लंबी श्रृंखला को लेकर भी उसमें तनाव व्याप्त है। मसलन, जेईई, नीट, सीक्यूईटी इत्यादि, में अपनी कुव्वत सिद्ध करने के लिए इनमें बैठना ही पड़ेगा। इस चिंता ने उसकी हंसी, उसकी अलमस्ती, उसकी नींद और उसकी जीवन ऊर्जा छीन ली है।



हालांकि यह केवल किसी एक बच्चे की कहानी नहीं है। यदि आप अपने इर्द-गिर्द देखें। युवा विद्यार्थियों से बात करें। उनकी रोजमर्रा की व्यथा सुनें-स्कूल से लेकर कोचिंग सेंटर तक की-आपको वाकई महसूस होगा कि एक विषैली शिक्षा संस्कृति हमारे बच्चों को बर्बाद कर रही है, उन्हें उनकी खुशियों और उत्कंठा से महरूम कर रही है। एक अशांत एवं नाखुश पीढ़ी पैदा करती जा रही है।आखिर क्यों कहा जा रहा है कि शिक्षा के नाम पर यह पीढ़ी ज़हर प्राप्त कर रही है? इसके पीछे चार कारण हैं। प्रथम, परीक्षाओं को अत्यधिक महत्व देने से सीखने का आनंद जाता रहा। अर्थपूर्ण ढंग से जुड़े रहकर शिक्षा पाने वाली संस्कृति को दरकार होती है तनावमुक्त वातावरण की, ताकि कोई छात्र अपने निराले स्वभाव और कौशल के मुताबिक आत्म-अन्वेषण और आंतरिक उन्नति कर पाए। अंकों के आधार पर आकलन, सदा अच्छे नंबर लाना और किसी के ज्ञान का तोल भौतिकी, गणित या अंग्रेजी में पाए अंकों से करने का बेलगाम दबाव, वह भी हफ्ते दर हफ्ते, महीना दर महीना और साल दर साल परीक्षाओं के जरिए या फिर अत्यधिक जटिल होते जा रहे अभ्यास, परीक्षा प्रपत्रों को हल करने की श्रृंखला ने बच्चे की सीखने की नैसर्गिक लय को भंग कर डाला है। साथ ही हद दर्जे का तनाव, भय और मानसिक संत्रास बना डाला है।

दूसरी बात यह कि इसने सामाजिक संपर्क की आवश्यकता को भी बिगाड़ दिया है, संयुक्त एवं आपसी संवाद से सीखने की भावना खत्म होती जा रही है। इसकी बजाय, अति-प्रतिस्पर्धा का वायरस, दूसरे की सफलता से जलन, एकाकीपन और स्वार्थीपन युवा छात्रों के मानस में घर करता जा रहा है। शिक्षा की ऐसी संस्कृति की वजह से हमारे बच्चों के लिए सामाजिक मेल-मिलाप से सीखना लगातार मुश्किल बन रहा है जबकि किसी स्वस्थ और लोकतांत्रिक समाज के लिए खुद को बनाए रखने वास्ते जरूरी है विनम्रता, सहृदयता और संवाद के जरिए संयुक्त उत्थान की प्राप्ति, सहयोग और आपसी देखभाल वाली संस्कृति। तीसरी बात यह है कि चूंकि वर्तमान में सफलता गाथाओं के प्रति आसक्ति हावी है। गौर करें कि कैसे नीट या जेईई परीक्षाओं में टॉप करने वालों को अंधाधुंध प्रचार के जरिए रातों-रात पौराणिक कथाओं के विजेता नायकों सरीखा स्टारडम प्रदान कर दिया जाता है। इन 'चमकीले सितारों' के बीच यह हरकत जाने-अनजाने में विफलता की गाथाएं भी पैदा करती जाती है।

जी हां, हर साल, हम हजारों-हजार युवाओं को यह मानने को मजबूर करते हैं कि वे किसी काम के नहीं क्योंकि वे अलां-फलां परीक्षा नहीं निकाल पाए, इसलिए वे डॉक्टर या इंजीनियर बनने लायक नहीं हैं, हम उन्हें विफलता का कलंक, कमजोर पड़े आत्म-सम्मान, जख्मी स्वः और आत्महत्या करने की सोच के साथ जीने को मजबूर कर रहे हैं।चौथी बात यह कि शिक्षा की यह संस्कृति इसलिए भी विषैली है क्योंकि यह एकल-आयामी है। जैसा कि इन दिनों यंत्रवत सोच बन गई है कि किन्हीं उच्च तकनीक-कॉर्पोरेट्स में ऊंचे वेतनमान वाली नौकरी पा लेना ही शिक्षित होने और उच्चता पाने का द्योतक है, जो कुछ हमें दिखाया जा रहा है, वह व्यवस्थित ढंग से अन्य पेशों के सम्मान को कमतर करना है। इसके अलावा, यह करना मानवेतर शिक्षा के मूल्यों को कमजोर करना है। मानो, यह खेल चलाने वाले नीति-निर्माता और अकादमिक प्रबंधक ऐसी पीढ़ी को आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं, जो केवल विशेषज्ञों की बनी हो, जैसे कि रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विशेषज्ञ। लेकिन उन्हें न तो आत्मा को जगाने वाले महान काव्य, साहित्य और आध्यात्मिक लेखों से सरोकार है न ही व्यक्ति को अंधेरे से निकालकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले, ईर्ष्यागत प्रवृत्ति से हटाकर सहचर की ओर ले जाने वाली शिक्षा में दिलचस्पी है। वास्तव में आज हमारे सम्मुख तकनीक रूप से उन्नत किंतु नैतिकताविहीन पीढ़ी है। यह परम विद्रूपता है।

पूरी तरह पक्का नहीं है कि क्या हमारे बच्चों को इस विषैली संस्कृति से बचा पाना संभव होगा कि नहीं। तथापि, सकारात्मकता के तौर पर, हम यानी अध्यापक और अभिभावकों को अपनी आवाज़ उठानी होगी ताकि शिक्षा की नई पद्धति बन पाए। वे सब जिन्हें अभी भी शिक्षण के पेशे से प्यार है, उनके लिए जरूरी है कि वे उदारवादी शिक्षा या लोकतांत्रिक कक्षा के माहौल को जीवित रखें। जब तक कि हम अध्यापक इस बारे में खड़े नहीं होंगे, अपने ऊपर काम नहीं करेंगे, आत्म-विश्वास से परिपूर्ण भूमिका नहीं निभाते या अन्य शिक्षाविदों और जन-बुद्धिजीवियों को नहीं जगाते तब तक न तो नौकरशाही की मशीन की तीलियां हिलेंगी न ही बच्चों की दुनिया से पूरी तरह कटे पड़े तकनीकी-प्रबंधकों-कॉर्पोरेट्स के कर्ता-धर्ताओं द्वारा बनाई उन नीतियों को सिर झुकाकर मानते चले जाने वाला चलन बदलेगा। इतना ही नहीं, उनमें सीखने-सिखाने के उचित तौर-तरीकों का शऊर भी नहीं है। शिक्षा को बचाने की मुहिम चलाए बिना कोई उम्मीद नहीं है। इसी प्रकार, अभिभावकों के लिए भी अहम है यह महसूस करना और प्रोत्साहित करना कि हरेक बच्चा अपने-आप में अलग होता है। किसी की बुद्धिमत्ता को साझा पैमाने से या सामान्यकृत कर दिए गए अंकों से नापने वाली पद्धति के जरिए आंकना सही नहीं। यदि आपके बच्चे को विज्ञान पसंद नहीं है या उसे मैथ्स-ऑलिम्पियाड परीक्षा में भाग लेने की ललक नहीं तो यह कोई अप्राकृतिक घटना नहीं है। उसके अंतस को जानने में, सहानुभूति वाली समझ बनाने से आपको पता चल सकता है कि वह किसी अन्य किस्म के कौशल अथवा कला या योग्यता से परिपूर्ण है, मसलन, पेंटिंग, संगीत, खेती या फिर सामाजिक कार्य में। हम कब महसूस करेंगे कि बाजार के प्रचलित मूल्यों की एक नैतिक हद होती है और इसमें कुछ गलत नहीं यदि हमारा बच्चा अपेक्षाकृत कम आय वाले काम-धंधे में भी खुश रहे, जो कि उसके विलक्षण स्वभाव के अनुरूप हो? जिंदगी में इससे ज्यादा कुछ दुखदायक नहीं होगा यदि किसी बच्चे को अपना निजी विलक्षण कौशल या स्वभाव, सामान्यकृत बना दी गई 'सफल विद्यार्थी आकलन पद्धति' वाली चूहा-दौड़ विषैली संस्कृति की भेंट चढ़ाना पड़ जाए।

**साभार-लेखक समाजशास्त्री हैं।**

## जलवायु संकट

# समझें ग्लोबल वॉर्मिंग के जोखिमों की गंभीरता

■ ज्ञानेन्द्र रावत

विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार, अगले पांच साल में वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने के 66 फीसदी आसार हैं। हालांकि पर्यावरण विज्ञानी जेक हौसफादर की मानें तो 1.5 डिग्री से. वैश्विक तापमान 2030 से पहले पहुंचने की उम्मीद नहीं है। लेकिन हरेक साल 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के करीब पहुंचना भी बड़ा संकट है। ला नीना से अल नीनो में तबदील होने की स्थिति में जहां पहले बाढ़ आती थी वहां अब सूखा पड़ेगा और जहां पहले सूखा पड़ता था वहां अब बाढ़ के आने का अंदेशा है। दुनिया में तापमान में हो रही बढ़ोतरी खतरे का संकेत है। जलवायु परिवर्तन ने इसमें अहम भूमिका निभाई है।

दरअसल, तापमान की तुलना का यह वह समय है जब औद्योगीकरण से फॉसिल फ्यूल का उत्सर्जन शुरू नहीं हुआ था। विज्ञानियों ने अल नीनो के कारण गर्मी के इस तरह के भीषण उफान की आशंका जताई है। यह सब कोयला, तेल और गैस के जलाने की सभी सीमाएं पार करने का दुष्परिणाम है। फिर बीते सालों की प्राकृतिक घटनाओं को देखते हुए यह कम आश्चर्यजनक नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने में तत्परता से कारगर कदम उठाने में वैश्विक समुदाय उतना सजग नहीं दिखता जितना होना चाहिए। बीते साल मार्च, 2023 से इस साल 2024 के बीच के बारह महीनों में वैश्विक तापमान ने 1.5 डिग्री की सीमा को पार कर लिया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन यानी डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट की मानें तो न केवल बीता वर्ष बल्कि पूरा बीता दशक धरती पर अभी तक का सबसे गर्म दशक रहा है। संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यह वर्ष भी गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ सकता है।यूरोपीय पर्यावरणीय एजेंसी यानी ईईए की मानें तो यूरोप तेजी से बढ़ते तापमान के कारण जलवायु संबंधित खतरों से जूझने के लिए तैयार नहीं है। जंगलों की आग की चपेट में वहां के घर आ रहे हैं, मौसमी आपदाओं का असर लोगों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर रहा है। इस बाबत ईईए की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर कहती हैं कि यूरोप की जलवायु खतरे में है। यह खतरा हमारी तैयारियों की तुलना में तेज गति से बढ़ रहा है। हमें फसल और लोगों की सुरक्षा के लिए तात्कालिक कार्रवाई की जरूरत है। यदि निर्णायक कार्रवाई अभी नहीं हुई तो सदी के अंत तक अधिकतर जलवायु खतरे गंभीर होंगे।




यदि तापमान वृद्धि दर पर अंकुश नहीं लगा तो सदी के अंत तक गर्मी से 1.5 करोड़ लोगों की जिंदगी संकट में आ जायेगी। इसका अहम कारण जीवाश्म ईंधन के उत्सर्जन से सदी के अंत तक सर्वाधिक गर्मी होना है। अमेरिका की पर्यावरण संस्था ग्लोबल विटनेस और कोलंबिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने कहा कि दुनिया की प्रमुख जीवाश्म ईंधन कंपनियों द्वारा तेल और गैस का अत्यधिक मात्रा में उत्सर्जन अहम कारण है। यदि उत्सर्जन स्तर 2050 तक यही रहा तो 2100 तक गर्मी भयावह स्तर तक पहुंच जायेगी। नतीजा लाखों जिंदगियों के अस्तित्व पर सवालिया निशान हो सकता है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के मॉडल पर गौर करें तो प्रत्येक मिलियन टन कार्बन में बढ़ोतरी से दुनियाभर में 226 अतिरिक्त हीटवेव की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी। यूरोपीय देशों में तेल कंपनियों में उत्पादित जीवाश्म ईंधन में 2050 तक वायुमंडल में 51 अरब टन कार्बन डाइआक्साइड उत्सर्जन बढ़ जायेगा। वहीं शुद्ध शून्य कार्बन लक्ष्य की प्राप्ति के बाद भी 55 लाख जिंदगियां जोखिम में होंगी।

शोधकर्ताओं के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों में हीटवेव ने तकरीबन हर महाद्वीप को प्रभावित किया। क्लाइमेट चेंज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन की मानें तो यदि तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी होती है तो जहां हिमालय में सूखा पढ़ने की संभावना प्रबल है, वहीं सर्वाधिक नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ेगा। इससे सबसे अधिक भारत और ब्राजील का 50 फीसदी से अधिक कृषि क्षेत्र प्रभावित होगा। क्लाइमेट ट्रेंड्स की रिपोर्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से हिमालय पर कम सर्दी का सामना करना पड़ेगा। इसका कारण मौसम का पैटर्न बदलना रहेगा। वहीं अत्यधिक तापमान के असर से समय पूर्व जन्म दर में बढ़ोतरी का खतरा 60 फीसदी तक बढ़ जायेगा। बच्चों में हानिकारक स्वास्थ्य प्रभावों के लिए जिम्मेदार होगा। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट की मानें तो बढ़ते तापमान से अमेरिका से चीन तक खेत तबाह हो चुके हैं। इससे फसलों की कटाई, फलों का उत्पादन और डेयरी उत्पादन सभी दबाव में हैं। बाढ़, सूखा और तूफान की ब?ती प्रवृत्ति ने इसमें और इजाफा किया है। वाशिंगटन में सेंटर फार स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के खाद्य विशेषज्ञ कहते हैं कि उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया के बड़े हिस्से के किसान मुश्किल में हैं। दक्षिणी यूरोप में गर्मी के कारण गायें दूध कम दे रही हैं। इटली में अंगूर, खरबूजे, सब्जियों और गेहूं का उत्पादन प्रभावित हुआ है। मछलियों का आवास भी प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगा। संयुक्त राष्ट की जलवायु समिति के अनुसार यदि धरती के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोकना है तो 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 43 फीसदी तक घटाना होगा। आज धरती 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो चुकी है।

दरअसल, समस्या की जड़ जीवाश्म ईंधन है जिससे हमें दूर जाने की जरूरत है। फिर जलवायु संरक्षण की कार्रवाई में जी-20, सीओपी-29 और सीओपी 30 का आपस में कुछ न कुछ जुड़ाव जरूर है जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। इसमें ग्लोबल साउथ की भूमिका कहां तक और कितनी सफल होगी, यह भविष्य के गर्भ में है। इसमें यह भी अहम है कि ग्लोबल वार्मिंग में वृद्धि को डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए हमें किस तापमान को बनाये रखने की जरूरत है, इस पर विचार करना महत्वपूर्ण होगा।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# नर्मदा नदी में नाव से हो रहा है रेत का अवैध परिवहन



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

सबसे अच्छे पर्यटन एवं पारिवारिक रूप से लोगों के स्नान करने वाले घाट बाबरी घाट पर श्रद्धालुओं के नहाने की जगह स्थान पर कमर-कमर पानी से बाबरी की तरफ किनारे से कश्तियों से रेत का अवैध का उत्खनन प्रतिदिन किया जा रहा है,जिससे नहाने वाले श्रद्धालुओं एवं छोटे बच्चों किसी भी व्यक्ति की डूबने की घटना घटित होने की शंकाएं प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जगह-जगह 10/15 फीट के कुंड जैसे गड्ढे हो गए हैं, जहां पर फिट पानी में ही अचानक सात आठ फीट गहराई के कुंड आ जाते है जो कश्तियों के अवैध उत्खनन से बन गए हैं, जिससे कई बार घटित घटनाओं को ग्राम वासियों के द्वारा बचाया गया है, परंतु बाबरी घाट पर 100 से 200 गड्ढे प्रतिदिन अवैध रेट के उत्खनन से बन रहे हैं जो उत्खनन किया जा रहे हैं। जिससे बहुत बड़ी घटना घट सकती है, प्रशासन का ईस और कोई ध्यान नहीं है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा-

# सीएम ने कहा-अबकी बार 400 पार के लिए प्राण प्रण से जुटना है

- भाजपा की संकल्प सभा में उमड़ा कार्यकर्ताओं का जनसैलाब
- दर्शन सिंह का फार्म जमा कराने पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह
- संकल्प सभा में 900 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण





**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय जनता पार्टी होशंगाबाद-नरसिंहपुर के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी दर्शन सिंह का नामांकन फार्म जमा कराने गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी नर्मदापुरम पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लोकसभा प्रत्याशी दर्शनसिंह के साथ माँ नर्मदा का पूजन कर संकल्प सभा में शामिल हुए। सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं जनता जनार्दन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'एक ही संकल्प है कि बहनों की आंखों में आंसू नहीं रहेंगे। उनके चेहरे पर मुस्कुराहट होगी। आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक सशक्तिकरण, शैक्षिक और राजनीतिक सशक्तिकरण करना है।' चौधरी की नामांकन रैली और सभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब एक ही संकल्प अब की बार 400 पार जिसके लिए हमें प्राण प्रण से जुटना है।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए भाजपा प्रत्याशी चौधरी दर्शन सिंह ने कहा कि मैं तो एक साधारण कार्यकर्ता हूं मैं शीर्ष नेतृत्व के प्रति कृताज्ञापित करता हूँ जिन्होंने मुझ जैसे सामान्य से कार्यकर्ता को लोकसभा प्रत्याशी के रूप में खड़ा किया है। इस अवसर पर स्वागत भाषण सीता शरण शर्मा एवं आभार जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल नेव्यक्त किया। संकल्प सभा में 900 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिसमें कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों सहित किसानों के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे एकम सिंह पटेल के साथ 700 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र पटेल, सांसद केपी यादव, राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, सुरेश पचौरी,जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, अभिलाष मिश्रा, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ पटेल, पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल कमल पटैल, युमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह होशंगाबाद विधायक सीतासरन शर्मा सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, सविता दीवान शर्मा, अर्जुन पलिया, भैयाराम पटैल, रामकिशन चौहान, रामकिशन पटेल, साधना स्थापक, संतोष पारीख, पीयूष शर्मा, राजो मालवीय, राधा सुधीर पटेल, लोकसभा संयोजक संदेश पुरोहित, संजय बराडे, हरिप्रताप ममार, जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, प्रसन्ना हर्णे, प्रीति शुक्ला, जिला पदाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष सदस्य, जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित समस्त भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

### मतदानकर्मियों का प्रशिक्षण दूसरे दिन भी जारी

# ईवीएम का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण देकर सामान्य जानकारी दीं



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 का प्रशिक्षण द्वितीय दिवस भी जारी रहा। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से बताया गया मतदान दल द्वारा प्राप्त की जाने वाली सामग्री, मतदान कर्मियों के आचरण नियम, पीठासीन अधिकारी के दायित्व, मतदान, अधिकारी क्रमांक एक के दायित्व ,टेंडर मत, अभ्याक्षेपित मत, दिखावटी मतदान के पश्चात ईवीएम मशीन को सीआरसी करना, मतदान समाप्ति के पश्चात क्लोज बटन दबाना अनिवार्य है। दिखावटी मतदान के पश्चात पीठासीन अधिकारी के दायित्व, मतदान दिवस पर दिखावटी मतदान की प्रक्रिया के दौरान कार्य, पीठासीन की डायरी के बारे में भी बताया गया सभी मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीन का हैंड्स ओंन प्रशिक्षण दिया गया तथा ईवीएम मशीन को कनेक्ट करने के बारे में भी बताया गया प्रशिक्षण का निरीक्षण नायब तहसीलदार नितिन राय द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में डॉ ए0के0 यादव ने सभी मतदान कर्मियों को निर्वाचन की सामान्य जानकारी दी उसमें बताया गया कि यदि किसी दिव्यांग मतदाता दोनों हाथ नहीं है तो मतदान कर्मी किस अमित स्याही लगाएंगे मतदान अधिकारी क्रमांक 1 की कर्तव्य के बारे में बताया गया चिन्हित प्रति का प्रभारी कौन रहेगा प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश व्यास, सुनील सोनी, अशोक साहू, डी एस परमार, उमेश धुर्वे, बाबू पटेल, प्रेम नारायण परते, अतुल गौर आदि के द्वारा दिए जा रहा है।

# गणगौर उत्सव मारवाड़ी समाज की महिलाएं मना रही धूमधाम से



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

मारवाड़ी समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है, मारवाड़ी समाज की नीरू राठी ने बताया प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी मारवाड़ी समाज की महिलाओं द्वारा ईसरजी गौरा को सजाकर पाती खेली जा रही है ईसरजी गौरा के झाले लिए जाते है मारवाड़ी समाज की महिलाओं द्वारा शीतला सप्तमी से पाती खेलना शुरू हो जाती है। प्रतिदिन मारवाड़ी समाज की महिलाओं द्वारा अलग-अलग स्थानो पर कलश सजाकर ले जाते हैं वहां झाले वाले लेकर पाती खेली जाती है। मारवाड़ी समाज की महिलाओं में माहेश्वरी समाज ब्राह्मण समाज अग्रवाल समाज खंडेलवाल समाज जैन समाज सहित सकल मारवाड़ी समाज की महिलाओ द्वारा गणगौर उत्सव 16 दिवसीय मनाया जा रहा है।

# कलेक्टर ने प्रेक्षक से की मुलाकात

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17-होशंगाबाद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.प्रीतम बी यशवंत एवं पुलिस प्रेक्षक सी संतोष कुमार तुकाराम का आगमन कल रात्रि नर्मदापुरम जिले में हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने गुरुवार को सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक से सर्किट हाउस में मुलाकात की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेक्षकों को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन से संबंधित तैयारियों एवं



प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने प्रेक्षकों को जिले में चाक चौबंद कानून व्यवस्था की स्थिति से भी अवगत कराया।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ट्रेनिंग के दौरान शिक्षक की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया

**नर्मदापुरम।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर तहसील में 3 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन की ट्रेनिंग के दौरान शिक्षक विनीत कुमार मालवीय की असामयिक मृत्यु पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। श्री राजन ने दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। श्री राजन ने 3 अप्रैल को ही कलेक्टर नर्मदापुरम से चर्चा कर मृतक कर्मचारी के परिजन को दी जाने वाली अनुग्रह राशि के संबंध में जरूरी दस्तावेज जल्द भेजने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि मृतक को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 15 लाख रुपये अनुग्रह राशि दी जायेगी।

# संसदीय क्षेत्र क्र.17 - होशंगाबाद के लिए सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराये जाने के प्रयोजन से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन पर्यवेक्षण कार्य के लिए सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इसी अनुक्रम में संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17-होशंगाबाद के लिए आईएएस डॉ.प्रतीम बी यशवंत मोबाईल नंबर 8103381230 को सामान्य प्रेक्षक एवं आईपीएस सी संतोष कुमार तुकाराम मोबाईल नंबर 923875267 को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री मीना ने बताया है कि नियुक्त प्रेक्षक द्वय का आगमन हो चुका है। प्रेक्षक द्वय से मुलाकात का समय प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक सर्किट हाउस नर्मदापुरम के सभाकक्ष में नियत किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम ने निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य/पुलिस प्रेक्षको के लिए सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक कुल 5 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### लोकसभा चुनाव 2024

# अंतिम दिन तक 12 नाम निर्देशन पत्र जमा हुए कुल 18 नामांकन दाखिल

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर ने बताया कि आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 28 मार्च 2024 से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए गए जिसमें कुल 12 अभ्यर्थियों से 18 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुये है। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों की ओर से दर्शन सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चार नाम निर्देशन पत्र, संजय शर्मा ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप मे दो नाम निर्देशन पत्र, रामगोविंद बरुआ ने बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के रूप में 1 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया है।

पंजीकृत किंतु गैर मान्यता राजनैतिक दलों के प्रत्याशी के रूप में दिव्येन्द्र ने भारतीय युवा जन एकता पार्टी से 1 नाम निर्देशन पत्र, श्री माखन सिंह लोधी ने भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से 1 नाम निर्देशन पत्र, श्रीमती ज्योति ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से 2 नाम निर्देशन पत्र, बहुजन मुक्ति पार्टी से श्री सरजेराव सहारे ने 1 नाम निर्देशन पत्र, श्री ब्रजेश ने जनसंघ पार्टी की ओर से 1 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया।

निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर राकेश रामप्रसाद, दिव्येन्द्र, मुकेश, युवराज एवं तिलक सिंह यादव ने एक-एक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति के अंतिम दिवस भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. प्रीतम. बी. यशवंत भी उपस्थित रहे. रिटर्निंग आफिसर सुश्री सोनिया मीना ने बताया कि प्राप्त सभी नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का कार्य दिनांक 5 अप्रैल को न्यायालय कलेक्टर नर्मदापुरम मे प्रातः 11ः00 बजे से प्रारंभ किया जायेगा एवं संवीक्षा पूर्ण होने पर वैध रूप से नामांकित अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित की जाएगी।अंतिम रूप से निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक आवंटन दिनांक 8 अप्रैल को किया जायेगा।

## अंतिम दिन 09नामांकन पत्र दाखिल हुए

नाम निर्देशन के अंतिम दिन 04 अप्रैल गुरूवार को 09 नाम निर्देशन पत्र दाखिल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहुजन मुक्ति पार्टी की ओर से सरजे राव सहारे, इंडियन नेशनल कांग्रेस से संजय शर्मा, भारतीय युवा जन एकता पार्टी से दिव्येन्द्र दुबे ने, निर्दलीय के रूप मे मुकेश ने, भारतीय जनता पार्टी की ओर से दर्शन सिंह ने दो नामांकन, जनसंघ पार्टी की ओर से ब्रजेश खेमरिया, निर्दलीय के रूप में युवराज गव्हाडे ने तथा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में तिलक सिंह जाटव के द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया।

**मेट्रो एंकर**

### प्रति बुधवार को 12: 30 से समय सीमा की बैठक आयोजित की जाएगी

# आचार संहिता में पहले से चल रहे निर्माण कार्य ना रुकें: आयुक्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



नर्मदापुरम के संभाग आयुक्त डॉ पवन शर्मा ने गुरुवार को सभी संभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी निर्माण विभाग को स्पष्ट हिदायत दी की, लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। अतः कोई भी नए कार्य, निर्माण कार्य या अन्य योजनाएं संचालित ना की जाए लेकिन आचार संहिता के पूर्व से ही जारी स्वीकृत निर्माणाधीन कार्यों को ना रोके। संभाग आयुक्त डॉ शर्मा ने लगातार बैठकों से अनुपस्थित रहने पर नगरी विकास एवं आवास विभाग के संयुक्त संचालक सुरेश बेलिया के विरुद्ध शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने बैठक में दो सीएम राइज स्कूल के निर्माण में आ रही कठिनाइयों का निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। उन्होंने बैठक में अतिक्रमण, ग्रेच्युटी, क्लेम और अन्य लंबित प्रकरण में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह तत्काल इनका निराकरण करें। संभाग आयुक्त ने कहां की प्रति बुधवार को 12ः30 से समय सीमा की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी विभाग के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने बैठक में सभी संभागीय अधिकारियों को उपस्थित रहने के लिए निर्देश दिए।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की स्थिति की समीक्षा करते हुए संभाग आयुक्त ने निर्देश दिए कि भीषण गर्मी को देखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र कहीं भी जलप्रदान में कोई रुकावट नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बैठक में बिना जानकारी के उपस्थित होने पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग के सहायक संचालक नवनीत पांडे को कारण बताओ नोटिस देने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि शहर में अभी टैंकर से पानी सप्लाई की नौबत नहीं आई है। पेयजल सप्लाई नलों के माध्यम से ही की जा रही है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित हैंडपंप एवं पेयजल स्त्रोतों की जानकारी ली।

बैठक में जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी ने बताया कि गेहूं उपार्जन का कार्य चालू है। नागरिक आपूर्ति विभाग संभाग के तीनों जिलों की एजेंसी है। उपसंचालक पशुपालन ने बताया कि पशुओं के वैक्सीनेशन का कार्य चल रहा है।

बताया गया कि मूंग की फसल 55 से 60 दिन में आ जाती है। बाबई में गेहूं की अपेक्षा कृषक धान की खेती करने में रुचि ले रहे हैं। मनरेगा के अंतर्गत बनाए गए तालाब में मछली पालन किया जा रहा है। बैठक में उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल सहित संभागीय अधिकारी गण उपस्थित थे।

# गेहूं की फसल में लगी आग हजारों का हुआ नुकसान



**सिरोंज।** फसल कटाई के बाद अधिकांश किसानों के द्वारा नरवाई में आग लगाने का काम किया जाता है। इस वजह से हर साल किसाने की फसले जलकर नष्ट हो जाती है। इसकी जानकारी होने के बाद भी कई किसानों के द्वारा आग लगा दी जाती इसी के चलते गुरुवार को फिर नरवाई की ने किसान की फसल को सुहा कर दिया या फिर किसी शरारती तत्व के द्वारा किसान के खेत में आग लगाई गई है। इससे उसकी हजारों की फसल जलकर नष्ट हो गई जानकारी के अनुसार अभय कुमार जैन निवासी छत्री नाका सिरोज की ग्राम क र्रा खेड़ी मै कटी हुई फसल रखी हुई थी जो 3 तारीख की रात्रि दरमियां में अज्ञात कारणो से आग लग गई इसकी वजह से इनको हजारों रुपए का आर्थिक नुकसान हो गया। तहसीलदार को आवेदन देकर राहत राशि की मांग की है।

# विदाई समारोह का आयोजन हुआ



**सिरोंज।** न्यायालय मैं पदस्थ न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री कुमारी अपूर्वा ताम्रकार सिरोंज का सिरोंज से स्थानांतरण लखनादौन जिला सिवनी होने पर आज अभिभाषक संघ सिरोंज ने विदाई समारोह का आयोजित कर सुश्री कुमारी अपूर्वा ताम्रकार को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया सुश्री अपूर्वा ताम्रकार ने उनके वक्तव्य में कहां की सिरोंज के अभिभाषक गण के सौम्य व्यवहार को वह कभी नहीं भूल पायेंगी वह सिरोंज से सुखद यादें लेकर जा रही हैंअभिभाषक संघ के अध्यक्ष कपिल त्यागी, सचिव पियूष चैरसिया, अवध नारायण श्रीवास्तव, मदन मोहन गुजराती, रामस्वरूप यादव, अशोक शर्मा, रितेश अग्रवाल, राजेश श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, आशीष भृगु, सचिन शर्मा, राज, घनश्याम शरण त्यागी आदि अभिभाषक गण उपस्थित रहे।

## पुलिस की कड़ी सुरक्षा में महादेव खेड़ी पंचायत की हुई पुनः मतगणना

# तीन वोट से शिव सिंह जीते, सिरोंज के इतिहास में पहला निर्णय



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

एसडीएम न्यायालय के द्वारा पुन मतगणना कराने का कार्य सिरोंज के इतिहास में पहली होना बताया जा रहा है। इससे पहले कई एसडीएमओ के न्यायालय में हारे हुए सरपंचों ने याचिकाएं डाली पर सभी मामले निर्णय नहीं दिया गया। एसडीएम ने 21 महीने में निर्णय देकर पुन मतगणना कराई हो और उसमें परिवर्तन भी हो गया क्योंकि मतगणना के बाद दोनों पक्ष के उम्मीदवारों के टोटल 9 मत निरस्त हुए । जिसमें याचिका लगाने वाले शिव सिंह के तीन वोट निरस्त हुई दो वोट से सरपंची जीतने वाले कमलेश पाल के 6 मत निरस्त हुई जिसके बाद एसडीएम न्यायालय के द्वारा पुन मतगणना के उपरांत शिव सिंह को तीन मतों से विजयी होने का प्रमाण पत्र दिया अभी इस प्रक्रिया को मूर्ति रूप लेने में समय लगेगा एसडीएम के द्वारा दिए गए निर्णय को जिला निर्वाचन अधिकारी के पास जाएगा वहां से निर्वाचन कार्यालय पहुंचेगा फिर गजट नोटिफिकेशन जारी होने के बाद शिव सिंह को सरपंच का पद मिलेगा यदि इसी बीच विरोधी पक्ष के द्वारा हाईकोर्ट में रिट लगाने की बात की जा रही यदि उसकी स्वीकार होती है तो निर्णय पर क्या असर पड़ेगा इसका पता तो आने वाले समय में ही चलेगा

पंचायत चुनाव होने के बाद पिता सिंह अधिकारी के द्वारा कमलेश पाल को सरपंच घोषित किया गया था पर उनके द्वारा प्रत्याशियों को मिले मतों का सही से टोटल नहीं किया गया इसके कारण 53 वोटो का अंतर आ रहा था उसी को आधार बनाकर पुनः मतगणना करना कराई गई। दूसरी ओर शिव सिंह की ओर से पैर भी एडवोकेट धर्मेंद्र रघुवंशी के द्वारा की गई उन्होंने इस निर्णय को सत्य की जीत बताते हुए कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पर परास्त नहीं होता है हमारे पक्ष कर के साथ पहले अन्याय हुआ था एक-एक बोर्ड की बारीकी से जांच बा वीडियो ग्राफी के बाद ही एसडीएम न्यायालय से निर्णय हुआ है हम उसकी तारीफ करते हैं कि एसडीएम ने निष्पक्ष रूप से सही निर्णय किया है यह सिरोंज के इतिहास का पहला निर्णय है 21 महीने से इस मामले में सुनवाई चल रही थी हमारे पक्ष कर की ओर से मैं अकेला वकील था जबकि विरोधी पक्ष की ओर से तीन वकील खड़े हुए थे सभी ने अपने-अपने पक्ष रख हमने अपना पक्ष रखा उसको प्रशासन और एसडीएम न्यायालय ने सही माना तभी पुन मतगणना का आदेश हुआ था जैसा कि हमें विश्वास था कि हम हमारे साथ पहले अन्याय हुआ है अब हमें न्याय मिला है इसीलिए कहते हैं सत्य की जीत हमेशा होती है हम प्रशासन के निर्णय की तारीफ करते हैं।

दूसरी ओर सरपंच कमलेश पाल की तरफ से एडवोकेट श्रीराम दांगी, एडवोकेट राजकुमार शर्मा के द्वारा मतगणना के दौरान पक्ष रखा गया और राजकुमार शर्मा ने एसडीएम न्यायालय के निर्णय को गलत बताते हुए कहा कि इन्होंने केवल पुनः मतगणना कराने का आदेश दिया था पर नियम विरुद्ध मतों की जांच की और मतों को निरस्त करने का काम किया है। मतगणना के लिए जिन अधिकार में ड्यूटी लगाई गई थी उनसे कोई बात नहीं की गई नगर पालिका के एक इंजीनियर से चर्चा किया जो पूरी तरह से गलत हैं निर्णय निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के विपरीत में दिया गया है जिसको हम हाई कोर्ट में चुनौती देंगे वहां से हमें जीत भी मिलेगी ऐसी उम्मीद है।

### इनका कहना है -

*न्यायालय प्रक्रिया का पालन करते हुए पुन मतगणना कराई गई एक-एक मत की बारीकी से वीडियोग्राफी जांच की गई जांच के बाद टोटल 9 मत निरस्त किए गए हैं । जिसमें शिव सिंह के तीन मत और कमलेश पाल के छह मत निरस्त हुए पुनः मतगणना में शिव सिंह तीन मतों से जीते हैं घोषित इसके विरोध में निर्णय जाता है उसके द्वारा अन्यागल आरोप लगाए जाते हैं । 21 महीने तक न्यायालय में प्रकरण चाल दोनों पक्ष से वकीलों ने अपने-अपने पक्ष भी रखें यदि हमने निर्णय गलत दिया है तो वह कोर्ट जा सकते हैं। वहां स्वतंत्र हैं हमने निष्पक्ष रूप से अपना काम किया है।*

***हर्षल चौधरी,*** *एसडीएम सिरोंज*

### कड़ी सुरक्षा के बीच हुई पुन मतगणना -

एसडीएम न्यायालय में सुबह 11 बजे से पुलिस की चैकसी तथा वीडियोग्राफी के साथ के मतगणना का कार्य प्रारंभ हुआ तहसील परिसर और तहसील परिसर के बाहर बड़ी संख्या में कई सरपंच और उनके समर्थक मौजूद थे ।सभी में निर्णय की उत्सुकता थी पर निर्णय को आने में काफी लंबा समय लग गया दोनों और के वकीलों और पक्ष करों ने एक-एक वोट के लिए विरोध प्रतिकार किया अंगूठा लगे 9 मत जांच में अंगूठा होने पर एसडीएम के द्वारा निरस्त किए गए जिसमें वर्तमान सरपंच कमलेश पाल के छह मत और शिव सिंह के तीन मत निरस्त हुए इसके बाद दो वोट से चुनाव जीतने वाले कमलेश पाल को एसडीएम न्यायालय में हुई मतगणना के बाद तीनो वोटो से जीत घोषित किया गया । इसके बाद विरोध में निर्णय आने पर कमलेश पाल ने एसडीएम न्यायालय के निर्णय को पूर्णता गलत बताते हुए एसडीएम पर गंभीर आरोप लगाते हुए पक्षपात करते हुए जानबूझकर गलत निर्णय दिया गया है हमारी बात नहीं सुनी जब भी मैं अपनी बात लेकर इनके पास गया तो मेर तिरस्कार करके अपने कार्यालय से भगा दिया गया निर्णय की कॉपी दो दिनों तक नहीं दी गई हम एसडीएम न्यायालय के निर्णय को हाई कोर्ट में चुनौती देंगे ।

### सिरोंज में पहली बार आया निर्णय

निर्वाचन होने के बाद जिस पक्ष की कम मतों से हार होती है उसके द्वारा निर्णय के विरोध में याचिका एसडीएम न्यायालय में लगाई जाती है पर अभी तक किसी भी एसडीएम ने याचिकाओं पर निर्णय नहीं दिया है पर एसडीएम हर्षल चैधरी ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद निर्णय दिया है जिसकी चर्चा लंबे समय तक की जाएगी इसके साथ ही अभी 8 याचिकाएं इनके न्यायालय में लंबित है उनमें भी सुनवाई होने की उम्मीद याचिका कर्ताओं में लग गई है ।

# पुराने बस स्टेण्ड पोस्ट आफिस के पास दबंगों का अतिक्रमण

## नगरपालिका की भूमि पर गुमठियां रखवाकर हजारों रूपये महीने का किराया कर रहे हैं वसूल



**सिरोंज, सईद खान।**

स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड पर स्थित पोस्ट आफिस के दोनो प्रवेष द्धारा इस समय भारी अतिक्रमण की चपेट में है जिस ओर न तो पोस्ट आफिस के जिम्मेदार ध्यान दे रहे है और न ही स्थानीय प्रषासन । जिसके चलते खासकर पोस्ट आफिस आने जाने वालों को तो परेषानी का सामना करना ही पड़ता है साथ ही इस मार्ग से आने जाने वाले लोग भी परेषान है इस अतिक्रमण के कारण आए दिन यहां जाम की स्थिती पैदा होती है ।

गौरतलब है कि वार्ड न 5 में स्थित पोस्ट आफिस के दोनो प्रवेष द्धार पर स्थानीय लोगों द्धारा लगभग 5 फिट की गुमठियॉ रखली गई है ओर गुमठीयों के आगे हाथ ठेले लगाए लिए है जिसके चलते पोस्ट आफिस की दीवार से लगी सड़क पर लगभग 10 फिट अतिक्रमण एक ओर हो गया है तो वही सड़क की दूसरी ओर भी हाथ ठेले खड़े होने के कारण मुख्य सड़क मात्र चंद फिट कि नज़र आ रही है इस अतिक्रमण के कारण लोगो का इस मार्ग से निकलना दूभर हो गया है।

यदि बात इस मार्ग पर निकलने वाले वाहनों की करें तो पहले यहां से चार पहिया वाहन आसानी से निकल जाते थे परंतु अब दोनो ओर हुए अतिक्रमण के कारण मात्र दो पहिया वाहन ही बड़ी परेषानी से निकलते है इसके अलावा यदि महिलाओं की बात करें तो इस मार्ग पर चाय की गुमठियों द्धारा रोड पर कुर्सिया रख देने के कारण महिलाओं का यहां से निकलना परेषानी का सबब बन गया है।

गौरतलब है कि पूर्व हुई शांति समिति की बैठक में स्थानीय लोगों ने अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज को भी इस अतिक्रमण से अवगत कराया था परंतु सरकारी रोड पर अवैघ रूप से गुमठियॉ और उनके आगे लगे हाथ ठेलो के अतिक्रमण पर अब तक माननीय मौन है इसके अलावा नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी प्रेस द्वारा इस बात से अवगत कराया जा चुका है परंतु जनहित के लिए होने वाले इस कार्य में आज तक नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारीयों ने भी अपनी जिम्मेदारी नही समझी ।

# किताबें-यूनिफॉर्म निर्धारित दुकानों से खरीदने पर पालकों को बाध्य किया तो स्कूलों पर ठुकेगा 2 लाख का जुर्माना




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

हर साल सरकार यह तो दावा करती है कि स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाया जाएगा और मनमानी करने पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी... लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट रहती है और हर बार की तरह इस बार भी कई निजी स्कूलों ने पालकों को सूचित कर दिया है कि वे निर्धारित स्थानों से ही यूनिफॉर्म व कॉपी-किताबें खरीदें... इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मामले में निर्देशित किया कि निजी स्कूलों द्वारा पालकों को कोर्स की किताबें, यूनिफार्म और अन्य शिक्षण सामग्री किसी निर्धारित दुकान से खरीदने के लिए दबाव डाला तो कार्रवाई करेंगे... मुख्यमंत्री ने इस संबंध में आदेश जारी करने के लिए मुख्य सचिव को आदेशित भी किया... वहीं स्कूली शिक्षा विभाग ने जिला कलेक्टरों को पत्र भी भेज दिया है... मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं, जिसके तहत स्कूल संचालक पर 2 लाख तक का जुर्माना भी ठोका जा सकता है... अगर कोई स्कूल संचालक ऐसी मनमानी करता है तो गुप्त रूप से इसकी शिकायत शासन-प्रशासन के समक्ष की जाए। अब देखना यह है सिरोंज में चल रहे निजी स्कूलों की मनमानी पर सिरोंज के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अंकुश लगा पाते है या इसी तरह सिरोंज में निजी स्कूल मनमानी करते रहेगे।

### जागो ग्राहक जागो -

किताबों पर लिखे अधिकतम विक्रय मूल्य पर भी आप मोल भाव कर सकते है, देखा जा रहा है कि निजी स्कूल संचालकों द्वारा चलाई जा रही स्कूलों की पुस्तकों पर बहुत अधिक मूल्य लिखा होता है इस पर ग्राहक मोल भाव भी कर सकता है ।

# जानलेवा हमले के आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

प्राण घातक घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को दीपनाखेड़ा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया । एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि थाना दीपनाखेड़ा पुलिस द्वारा 307 व अन्य धाराओं में घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया । घटनाक्रम मंगलवार का है थाना दीपनाखेड़ा के ग्राम कुड़काखेड़ा से मारपीट व लड़ाई, झगड़े की सूचना डायल 100 पर प्राप्त हुई थी. जिसपर तत्काल कार्यवाही करते हुए डायल 100 ग्राम कुड़काखेड़ा घटना स्थल पर पहुंची. जहां घायल को तुरंत शासकीय अस्पताल लेकर भर्ती कराया गया ।. जिसके बाद शिकायतकर्ता भैयालाल यादव ग्राम कुड़काखेड़ा द्वारा थाने पर आकर आरोपी दौलत सिलावट, रोहित सिलावट, भूरा उर्फ नीतेश सिलावट द्वारा पीड़ित जगभान यादव उम्र 15 साल ग्राम कुड़काखेड़ा की खेत में मवेशी घुसने के विवाद पर से गालियां देकर कुल्हाड़ी एवं डंडों से मारपीट करने की रिपोर्ट पर थाना दीपनाखेड़ा में धारा 294,307,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।दीपनाखेड़ा पुलिस के द्वारा आरोपियों की तलाश में टीम गठित कर तीनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी दीपनाखेड़ा उपनिरीक्षक अनुज प्रताप सिंह, उप निरीक्षक लाल बहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक सेंगर, प्रधान आरक्षक रामकरण मालवीय, आरक्षक अमित खेवरिया, आरक्षक हरेंद्र गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही ।

# ध्वज स्थापना के साथ हुआ श्री महामाई मेले का हुआ शुभारंभ

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**


नगर की आराध्या देवी जगत जननी श्री महामाई माता ( डांगवाली ) के जागृत दरबार में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर परंपरानुसार आयोजित होने वाले विशाल मेले का शुभारंभ गुरूवार को ध्वज स्थापना के साथ हुआ। इस अवसर पर महामाई माता मंदिर के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा ध्वज स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चारों से ध्वज पूजन कराकर विधिवत ध्वज स्थापना कार्य सम्पन्न कराया और मेले के शुभारंभ की घोषणा की। इससे पूर्व प्रधान पुजारी एवं महामाई सेवा समिति सदस्यों द्वारा हाथ में केशरिया एवं रंगीन ध्वज पताका हाथ में लेकर शंख झालर के उदघोष के साथ ही यहाँ होने वाले श्रीदुर्गा शतचंडी महायज्ञ के मुख्य यजमान ओमप्रकाश रघुवंशी इकोदिया द्वारा मेला परिसर में पूजा अर्चना कर ध्वज स्थापना कर श्री महामाई माता मंदिर की परिक्रमा भी की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं नगर के धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्रमुख रूप से ओमप्रकाश दुबे, कृष्णबिहारी पांडे, संतोष चैरे,अमोल सिंह जाटव,गणेश यादव,कैलाश शर्मा, हरीबाबू भार्गव,राजेन्द्र गर्ग, हरिचरण अहिरवार,सरसिज शर्मा,सर्वेश शर्मा सचिन शर्मा संतोष रघुवंशी आदि के साथ महामाई सेवा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।



**मेट्रो एंकर**

## भाईचारे को मजबूत कर अपराध दोबारा नहीं करने की अपील

# एनएसपीआर संस्था का सर्वधर्म सद्भाव को लेकर लटेरी जेल में रोजा इफ्तार





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पवित्र रमजान मे विदिशा जिला स्थित सिरोंज लटेरी जेल मे मंगलवार शाम को नेशनल स्टूडेंट प्रोटक्शन राईट्स एनएसपीआर इंडिया संस्था द्वारा सर्वधर्म सदभाव भाईचारे को लेकर सामूहिक रोजा इफ्तार एवं भोजन का आयोजन किया गया। जहां मुफ्ती आदिल सईद ने मौजूद रोजेदारों के साथ मिलकर अमन चैन शांति व भाईचारे के लिए दुआ कराई। संस्था के अध्यक्ष एवं समाजसेवी आमिर अल्वी ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेशभर की अनेल जेलो सहित लटेरी जेल मे रोजा इफ्तार के आयोजन मे सहयोगी साथियो को मुबारकबाद दी। आपको बतादे पीछले 10 वर्षो से आमिर अल्वी अपनी टीम के साथ मिलकर लगातार सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन कर गरीब वंचित कैदियो को सही रास्ते पर लाने और उनके जरूरतमंद परिवार वालो की मदद करने का भी प्यास कर रहे है। जहां लटेरी मे आयोजित द्य होने वाले इस ऐतिहासिक अवसर पर संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी आमिर अल्वी मुफ्ती आदिल सईद जेलर रमेश मरावी समाजसेवी मारूफ खान उमर कुरैशी शोएब अली अरबाज खान नवेद हिफजान पहलवान एनडी सहित संस्था के सदस्या एवं जेल भाईचारे वाले आयोजन मे इफ्तार एवं रात्रि भोज कराया

### 10 वर्षो से लगातार किया जा रहा है रोजा इफ्तार

वही संस्था के अध्यक्ष एवं समाजसेवी आमिर अल्वी ने कहा कि शहर प्रदेश और देश की तरक्की, अमन, भाईचारे की सामूहिक दुआ के साथ अमन का पैगाम देने का काम इस आयोजन के माध्यम से पीछले 10 सालो से लगातार किया जाता आ रहा है। जिसको लेकर संस्था की इस अनोखी पहल से सभी धर्म समुदाय के लोगो को एक संदेश देने का भी प्रयास किया गया है। वही आयोजन समिति के सदस्य मारूफ खान सहित एनएसपीआर संस्था द्वारा जेलर रमेश मरावी को पुष्प गुच्छ एवं शाल भेंट कर उनका स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया साथ ही इस आयोजन के माध्यम से सभी कैदियों से भाईचारे मजबूत कर अपराध दोबारा नही करने की अपील की गई।

# रोजा इफ्तार कराकर मांगी अमनो अमान की दुआ, हिंदू-मुस्लिम ने साथ बैठकर किया इफ्तार



**सिरोंज ।** नगर के बस स्टैंड पर हाफिज शम्स कमर की ओर से रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया जिसमें हिंदू मुस्लिम सभी लोगों ने एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया। रोजा इफ्तार में देश में अमनो आमान कायम रखे इसके लिए भी दुआ की गई वहीं नगर सिरोंज में फिर एक बार गंगा जमुना तहजीब देखने को मिली इस रोजा इफ्तार में नगर के बस कंडक्टर ड्राइवर एवं आसपास की दुकानदार शामिल रहे। इस रोजा इफ्तार की काफी प्रशंसा हो रही है जिसमें हिंदू मुस्लिम एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान पत्रकार अल्ताफ खान एडवोकेट शोएब खान रशीद अंसारी फिरोज खान नीरज धर्मेंद्र सुमित अनिल कुशवाहा आदि लोग शामिल रहे।

## अप्रैल-जून में होगा टी-20 मुकाबला

# टीम इंडिया 2025 में होने वाली चैंपियंस द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और तीनों फॉर्मेट टी20, वनडे और टेस्ट में नंबर 1 पर रही। भारत ने वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एकतरफा प्रदर्शन किया लेकिन ट्रॉफी नहीं जीत पाई। टीम पहले 3 महीने में कौन सी किस-किस टीम के खिलाफ सीरीज खेलेगी। इस साल भारतीय टीम इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलेगी। बीसीसीआई ने टी20 वर्ल्ड कप से पहले तक का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके बाद टीम 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी और आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी। इन सीरीज में वनडे और टेस्ट मैच पर ज्यादा ध्यान होगा। क्योंकि, 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी वनडे फॉर्मेट में होगी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का तीसरा फाइनल भी 2025 में होगा। इसे ध्यान में रखते हुए भारत अपनी तैयारी मजबूत करना चाहेगा।



### जुलाई से द्विपक्षीय सीरीज होगी

भारतीय टीम के एफटीपी चक्र के अनुसार 2024 में टीम इंडिया इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलेगी। इनमें से इंग्लैंड के साथ सीरीज जनवरी से मार्च के बीच खेली जाएगी। वहीं, अन्य देशों के साथ सीरीज जुलाई से दिसंबर के बीच होने की संभावना है। बीसीसीआई ने आगे का शेड्यूल नहीं जारी किया है, लेकिन एफटीपी चक्र से साफ है कि साल के आखिरी छह महीनों में भारत को श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलनी हैं।

## हीरो बनकर उभरे शशांक और आशुतोष

# पंजाब ने सीजन का सबसे बड़ा स्कोर चेज किया

**नईदिल्ली, एजेंसी**

गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शुभमन गिल के 48 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 89 रनों के दम पर चार विकेट पर 199 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी, लेकिन शशांक और इंपैक्ट सब के तौर पर मैदान में उतरे आशुतोष शर्मा ने टीम की मैच में वापसी कराई। पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2024 के मुकाबले में तीन विकेट से हराया। पंजाब की आईपीएल के मौजूदा सीजन में चार मैचों में यह दूसरी जीत है। पंजाब को इससे पहले दो मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम ने विपरीत परिस्थितियों से उबर कर गुजरात को उसके होम ग्राउंड पर मात दी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शुभमन गिल के 48 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 89 रनों के दम पर चार विकेट पर 199 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी, लेकिन शशांक और इंपैक्ट सब के तौर पर मैदान में उतरे आशुतोष शर्मा ने टीम की मैच में वापसी कराई। इन दोनों बल्लेबाजों की मदद से पंजाब ने एक गेंद शेष रहते सात विकेट पर 200 रन बनाकर जीत दर्ज की। पंजाब ने इसके साथ ही इस सीजन का सबसे बड़ा स्कोर चेज किया। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही। तेज गेंदबाज उमेश यादव ने अपने पहले ओवर की पहली ही गेंद पर कप्तान शिखर धवन को बोल्ड किया। धवन एक रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो ने प्रभसिमरन सिंह के साथ मिलकर पंजाब की पारी को संभाला, लेकिन स्पिनर नूर अहमद ने पहले बेयरस्टो को बोल्ड किया जो 13 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 22 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नूर ने मोहित शर्मा के हाथों प्रभसिमरन सिंह को आउट किया। प्रभसिमरन 24 गेंदों पर 35 रन बनाकर तीसरे बल्लेबाज के रूप में पवेलियन लौटे। यहां से पंजाब की पारी लड़खड़ा गई और फिर अजमातुल्लाह ने सैम करन को महज पांच रन के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। रही सही कसर मोहित शर्मा ने सिकंदर रजा को आउट कर पूरी कर दी। पंजाब की स्थिति एक समय काफी खराब दिख रही थी और टीम के आधे बल्लेबाज 115 रन पर पवेलियन लौट चुके थे। इसके बाद जितेश शर्मा ने कुछ हाथ खोले और दो छक्के जड़े, लेकिन राशिद ने उन्हें जल्द ही पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद शशांक और इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरे आशुतोष शर्मा ने अपना रंग दिखाया। दोनों बल्लेबाजों ने गुजरात के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की।



## मेट्रो बाजार

# टच-स्क्रीन और एआई फीचर्स से लैस स्मार्ट फ्रिज लाएगी सैमसंग

**मुंबई, एजेंसी**

साउथ कोरियन टेक कंपनी सैमसंग एक स्मार्ट फ्रिज पर काम कर रही है। कंपनी अपने कस्टमर्स को बेहतर अनुभव देने के लिए अपकमिंग इस बेस्पोक 4-डोर फ्लेक्स रेफ्रिजरेटर में कई खास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फीचर्स जोड़ रही है। इसमें एक इंटरनल कैमरा भी दिया जाएगा। कैमरे और एआई की मदद से फ्रिज अलग-अलग फूड आइटम को आसानी से पहचान पाएगा और उसके खराब होने से पहले कनेक्ट ऐप के जरिए मोबाइल पर नोटिफिकेशन भेजेगा। हालांकि, फ्रिज में अभी भी कुछ लिमिटेशंस हैं। सैमसंग का कहना है कि उसका विजन एआई फीचर केवल 33 खाद्य पदार्थों की पहचान कर सकता है, जिसे आगे चलकर बढ़ाया जाएगा। ये फ्रिज सैमसंग एआई फैमिली हब+ के साथ आएगा, जिसे सैमसंग फूड ऐप के जरिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। कंपनी इस बेस्पोक 4-डोर फ्लेक्स रेफ्रिजरेटर को जनवरी में होने वाले कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो में लॉन्च करेगी। फिलहाल इसकी कीमत और अवेलेबलिटी को लेकर ऑफिशियली कोई जानकारी नहीं दी गई है।



**रेफ्रिजरेटर में मिलेगी 32 इंच की डिस्प्ले:** इस रेफ्रिजरेटर में 32 इंच की एक टच डिस्प्ले दी गई है, जिस पर यूजर्स अपने गैलेक्सी स्मार्टफोन के स्क्रीन को रेफ्रिजरेटर के डिस्प्ले पर मिरर कर पाएंगे और टिक-टॉक और यूट्यूब वीडियो भी देख सकेंगे। यूजर्स फ्रिज के टच-स्क्रीन के जरिए उसमें रखे गए खाने के सामान की एक्सपायरी डेट मैन्युअली फीड कर सकेंगे। जब वह सामान एक्सपायर होने वाला होगा, तो उससे ठीक पहले फ्रिज यूजर को नोटिफिकेशन भेजेगा। यहीं नहीं सैमसंग फूड ऐप के जरिए से यूजर सीधे फ्रिज में एक्सेस कर सकते हैं।

## मारुति सुजुकी सेलेरियो का नया एक्स्ट्रा एडिशन लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मारुति सुजुकी ने फेस्टिव सीजन के लिए इंडियन मार्केट में सेलेरियो का नया एक्स्ट्रा एडिशन लॉन्च किया है। कंपनी ने कार की कीमतों का खुलासा नहीं किया है। हालांकि, ऑल्टो और एस-प्रेसो के एक्स्ट्रा एडिशन की तरह सेलेरियो के रेगुलर वैरिएंट से 25 हजार रुपए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 5.36 लाख रुपए से शुरू होती है, जो टॉप वैरिएंट में 7.14 लाख रुपए तक जाती है। कंपनी ने कार में सिर्फ कुछ कॉस्मेटिक चेंजेस किए हैं। एक्स्ट्रा एडिशन में नई एक्सेसरीज मिलेगी। इसमें व्हील आर्च क्लैडिंग, बॉडी साइड मोल्डिंग, डोर वाइजर गार्निश इंसर्ट, मल्टीमीडिया स्टीरियो सहित कई अपडेशन शामिल हैं। इसके अलावा इंटीरियर में स्टाइलिंग किट, 3डी मैट, बूट मैट, डोर सिल गार्ड, स्टीयरिंग कवर, नंबर प्लेट गार्निश जैसी एडिशनल चीजें मिलेंगी।

# आईपीएल : चेन्नई के खिलाफ एसआरएच ने 74 फीसदी मैच गंवाए; 2 जीत हैदराबाद में मिलीं

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 18वां मुकाबला आज सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के बीच खेला जाएगा। मुकाबला हैदराबाद के होम ग्राउंड राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शाम 7030 बजे से खेला जाएगा। टॉस शाम 7 बजे होगा। दोनों टीमों का इस सीजन यह चौथा मैच होगा। हैदराबाद को दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा, महज एक में जीत मिली। जबकि चेन्नई ने दो मुकाबले जीते, वहीं पिछले मैच में उसे दिल्ली से हार मिली।

**मुस्तफिजुर का खेलना मुश्किल:** चेन्नई सुपरकिंग्स के मुस्तफिजुर रहमान का आज के मैच में खेलना तय नहीं है। रहमान अपने अमेरिका के वीजा संबंधित काम के लिए देश लौटे हैं। फिलहाल रहमान कुल 7 विकेट के साथ पर्पल कैप होल्डर हैं।

**हेड टु हेड में चेन्नई आगे:** हेड टु हेड में चेन्नई आगे है। हैदराबाद और चेन्नई के बीच आईपीएल में अब तक 19 मुकाबले खेले गए। 5 में हैदराबाद और 14 में चेन्नई में जीत मिली। यानी चेन्नई ने हैदराबाद के खिलाफ 74 फीसदी मैच जीते हैं।

**हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल :** स्टेडियम में दोनों टीमों का रिकॉर्ड बराबर है। स्न्न और ष्ह्य के बीच यहां अब तक कुल 4 मैच खेले गए। हैदराबाद ने 2 और इतने ही मुकाबले चेन्नई ने भी जीते हैं।





**क्लासन के नाम सबसे ज्यादा रन:** सीजन में हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे पहले ही मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स ने रोमांचक मुकाबले में चार रन से हरा दिया। अपने दूसरे मैच में टीम ने पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को हराकर इस सीजन जीत का खाता खोला। तीसरे मैच में उसे गुजरात टाइटंस के खिलाफ सात विकेट से हार झेलनी पड़ी।

**टीम के लिए हेनरिक क्लासन ने सबसे :** यादा रन बनाए हैं। उन्होंने तीन मैचों में 167 रन बनाए। इस सीजन लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली लिस्ट में वे तीसरे नंबर पर हैं। कप्तान पैट कमिंस ने सबसे ज्यादा विकेट झटके हैं।

**मुस्तफिजुर रहमान टॉप विकेट टेकर:** चेन्नई ने इस सीजन शानदार शुरुआत किया। टीम ने अपने मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हराया। दूसरे मैच में 2022 की चैंपियन गुजरात टाइटंस को 63 रन से हराकर इस सीजन की लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम को अपने तीसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। ऑलराउंडर शिवम दुबे सी सीजन टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने तीन मैच में एक अर्धशतक की मदद से 103 रन बनाए। मुस्तफिजुर रहमान टॉप विकेट टेकर हैं। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम अपने फ्लैट विकेट के लिए जाना जाता है। यहां की पिच बैटिंग फ्रेंडली है। यहां गेंदबाजों को भी मदद मिलती है। इस मैदान पर हाई स्कोरिंग मुकाबले देखने को मिलते है। इस स्टेडियम में अभी तक 72 आईपीएल मैच खेले गए है, जिनमे से 32 मैच पहली पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीम ने और 40 मैच चीज करने वाली टीम ने जीते है। हैदराबाद में मौसम काफी गर्म रहेगा। मैच वाले दिन यहां का टेम्परेचर 41 से 28 डिग्री हने की

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# 'खो गए हम कहां' की अर्जुन और आयुष्मान ने की जमकर तारीफ

अनन्या पांडे, आदर्श गौरव और सिद्धांत चतुर्वेदी स्टारर रोमांटिक ड्रामा 'खो गए हम कहां' इस साल की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली बॉलीवुड फिल्मों में से एक बन गई है। अब तक कई सेलिब्रिटीज फिल्म की तारीफ कर चुके हैं। अब, अर्जुन कपूर और आयुष्मान खुराना भी इसमें शामिल हो गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की तारीफ की हैं। आयुष्मान खुराना ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- लव इट (इस फिल्म से प्यार हो गया)। अर्जुन कपूर ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म की तारीफ की। उन्होंने लिखा कि खो गए हम कहां फिल्म देखने का एक एक्सपीरियंस बहुत अलग था...फिल्म की स्टोरी,एक्टिंग और डायरेक्शन बहुत अच्छा था.. अभी हम जिस समय में रहते हैं और जिन मुद्दों से हम जूझते हैं, उन्हें बहुत खूबसूरती से दिखाया गया है। उन्होंने आगे अनन्या, आदर्श और सिद्धांत की तारीफ की और कहा- आपने जो ब्रदरहुड फिल्म में शेयर किया है वही फिल्म की जान है। वो दोस्ती जो आपको यह महसूस कराती है कि ये हम में से एक है।

### मलाइका और कटरीना ने कर चुकी है तारीफ

कटरीना कैफ ने हाल ही में अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का रिव्यू दिया। उन्होंने लिखा- मुझे ये फिल्म बहुत पसंद आई। ये फिल्म जरुर देखें। बता दें फिल्म में मलाइका अरोड़ा ने बहुत छोटा किरदार निभाया है। उन्होंने डायरेक्टर अर्जुन वरैन सिंह की तारीफ की और उन्हें कूल बताया। मलाइका ने आगे लिखा- मुझे फिल्म बहुत ज्यादा पसंद आई। फिल्म बहुत अच्छी तरह से लिखी गई है, उतनी ही खूबसूरती से दिखाया गया है।



शादी के बाद होगी पहली फिल्म

# फिल्म 'चमकीला' में आएंगी नजर परिणीति



फिलहाल परिणीति अपनी अपकमिंग फिल्म चमकीला में वयस्त हैं। इस फिल्म वे दिलजीत दोसांझ के साथ मुख्य भूमिका में हैं, जिसे इम्तियाज अली डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म की कहानी दो पंजाबी लोकप्रिय गायक अमरजोत कौर और अमर सिंह चमकीला के इर्द-गिर्द बुनी गई है। इसमें परिणीति अमरजोत और दिलजीत चमकीला के किरदार में नजर आएंगे। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। अभिनेत्री कुछ महीने पहले ही आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा के साथ शादी के बंधन में बंधी हैं। रविवार को परीणीति ने अपनी मां रीना चोपड़ा का जन्मदिन मनाया। परिणीति ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने मां के साथ अपनी सगाई की एक तस्वीर भी साझा की।

### परिणीति ने सगाई की तस्वीर की शेयर

परिणीति ने अपनी मां को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, दुनिया की सबसे बेहतरीन महिला को जन्मदिन की शुभकामनाएं। इस तस्वीर वे अपनी सगाई के ड्रेस में नजर आ रही हैं। वहीं, उनकी मां ने सफेद रंग साड़ी पहन रखी है। परिणीति ने अपनी सगाई में मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन फुल स्लीव टर्टल नेक सूट में नजर आईं थी। खुले बालों और बड़े ईयररिंग्स के साथ उन्होंने मांग टीका भी पहन रखा था, जिसमें वे बेहद ही खूबसूरत लग रही थी।


### सितंबर में शादी के बंधन में बंधी

गौरतलब है कि परिणीति की सगाई राघव चड्ढा से 13 मई को नई दिल्ली के कपूरथला हाउस में हुई थी। इसके बाद 24 सितंबर को राजस्थान के उदयपुर में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में दोनों शादी के बंधन में बंध गए। इस शादी में इंडस्ट्री के कई जानी-मान हस्तियां और राजनेता शामिल हुए थें।

# सलमान और रणबीर के साथ करना चाहती है काम शहनाज



शहनाज गिल ने बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं. वह बॉलीवुड की सबसे क्यूट सेलिब्रिटी में से एक हैं. बिग बॉस 13 ने शहनाज को अलग पहचान दिलाई थी जिसके बाद उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू किया है. शहनाज ने फिल्म किसी का भाई किसी की जान से इंडस्ट्री में एंट्री की. इस फिल्म में वह सलमान खान के साथ नजर आीं थीं. फिल्म में अपनी एक्टिंग की वजह से शहनाज को लोगों ने खूब प्यार दिया था. सलमान खान के साथ करने के बाद शहनाज गिल अब रणबीर कपूर के साथ काम करना चाहती हैं. उन्होंने एक इंटरव्यू में रणबीर के साथ काम करने की इच्छा जताई है. शहनाज गिल ने बताया कि साल 2023 उनके लिए इवेंटफुल रहा है. शहनाज ने कहा कि वह अब और मैच्योर हो गई हैं. पहले वो बच्ची हुआ करती थीं. अब मुझे पता है कि कुछ सिचुएशन्स को कैसे हैंडिल करना है. शहनाज ने बताया कि वह हर सुपरस्टार के साथ काम करना चाहती हैं. उन्होंने कहा-अगर मुझे पहले किसी पर उंगुली रखनी होगी तो वो रणबीर कपूर हैं. मैं उन्हें कभी पर्सनली नहीं मिली हूं लेकिन उन्हें इवेंट में दूर से जरुर देखा है.



### ऑडिशन देने में नहीं है दिक्कत

शहनाज ने आगे कहा कि मुझे अब ऑडिशन देने में कोई परेशानी नहीं है और वह ऑडिशन देने के लिए तैयार हैं. उन्होंने कहा, पहले, मैं ऑडिशन का महत्व नहीं जानती थी. अब मुझे पता है. वर्कफ्रंट की बात करें तो शहनाज आखिरी बार भूमि पेडनेकर और अनिल कपूर के साथ थैंकयू फॉर कमिंग में नजर आईं थीं. इस फिल्म में उनके साथ कुशा कपिला, शिबानी बेदी और डॉली सिंह ने भी अहम किरदार निभाया था. इस फिल्म को करण बूलानी ने डायरेक्ट और रिया कपूर ने प्रोड्यूस किया था. वहीं रणबीर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में रिलीज हुई फिल्म एनिमल में नजर आए थे. इस फिल्म में उनके साथ रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था.



# मेडिकल रिपोर्ट से बढ़ सकती है मंत्री पुत्र की उलझन

## रेस्टोरेंट संचालक से मारपीट में आई थी चोट, जल्द ही बाउंड ओवर का नोटिस तामील कराएगी पुलिस



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के बेटे अभिज्ञान पटेल के शरीर में लगी चोट का मामला उलझ गया है। अभिज्ञान ने दावा किया कि पुलिस की मारपीट में हुई चोट लगी है, जबकि शाहपुरा पुलिस ने अभिज्ञान का जो मेडिकल कराया है, वह होटल संचालिका के साथ हुए विवाद को लेकर है। मेडिकल रिपोर्ट से जुड़े विवरण में भी पुलिस ने होटल में विवाद का जिक्र किया है। अब अभिज्ञान को यह साबित कर पाना मुश्किल होगा कि उसके लगी शरीर में चोट पुलिसकर्मियों की वजह से ही हैं। इसकी वजह यह कि पुलिस पर मारपीट के आरोप से पहले होटल में विवाद होने की जानकारी वह खुद पुलिस को देने गया था। अब वह यदि दावा करता है कि पुलिस की चोट हैं तो पुलिस भी अपने तरफ से यह पक्ष रखेगी कि अभिज्ञान के दावे झूठे हैं, उसके शरीर में लगी चोट विवाद की वजह से हैं। इधर, बुधवार को एसीपी हबीबगंज कोर्ट की तरफ से किए गए अभिज्ञान के बाउंड ओवर के नोटिस की तामीली गुरुवार को भी नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि मंत्री पुत्र अभिज्ञान पटेल ने शनिवार रात अपने दोस्तों के साथ मिलकर शाहपुरा इलाके में दंपति पर जानलेवा हमला कर दिया था। इसके बाद थाने में जमकर गदर किया था। मंत्रीपुत्र के साथ थाने में मारपीट के आरोपों पर एसआई जयसिंह, आरक्षक आशीष त्यागी, नरेश गुर्जर समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया था।

### एफआईआर नहीं होने पर कोर्ट में परिवाद

अभिज्ञान से जुड़े लोगों ने बताया कि अभिज्ञान के साथ थाने में हुई मारपीट के मामले में यदि पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर नहीं होती है तो कोर्ट में वह परिवाद दायर कर सकता है। कोर्ट में वह मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत कर पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर की मांग कर सकता है। पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र ने मंत्रीपुत्र कांड की जांच टीटी नगर टीआई अशोक गौतम को सौंप दी थी। गुरुवार को अशोक गौतम ने शाहपुरा टीआई से केस की डायरी ले ली है।

# सुपारी देकर कराए गए हमले में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**पति समेत आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है जेल**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बिलखिरिया इलाके में सुपारी देकर कराए गए हमले में घायल हुई महिला ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। महिला पर उसके पति ने ही अपने दोस्त की मदद से हमला करवाया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति समेत आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। महिला की मौत के बाद हत्या की धारा ब?ाई जा रही है। पुलिस के मुताबिक मनीषा परमार पत्नी हेमंत सेंगर (23) कटारा हिल्स में रहती थी। होली के दिन वह ढाबे पर खाना खाने के लिए पति के साथ घर से निकली थी। ढाबा बंद होने के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में दो बाइकों पर सवार पांच युवकों ने दोनों को रोक लिया और डंडे तथा चाकुओं से हमला कर दिया था। पति हेमंत को हल्की चोट लगी, जबकि मनीषा को गंभीर चोट आई थी। मनीषा को इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पति द्वारा बताई गई कहानी संदेहजनक होने पर पुलिस ने पति हेमंत को हिरासत में लेकर दोबारा पूछताछ की। उसके बाद खुलासा हुआ कि हेमंत बीती फरवरी महीने में मनीषा के साथ कोर्ट मैरिज की थी। शादी के बाद मनीषा दोस्तों के सामने हेमंत की बेइज्जती करने लगी थी, इसलिए उसने रास्ते से हटाने की योजना बनाई। इसके लिए उसने अपने दोस्त को 50 हजार की सुपारी दी थी। दोस्त ने अपने चार अन्य साथियों को योजना में शामिल किया और होली वाले दिन दंपति पर हमला कर दिया। हेमंत के साथ मारपीट का नाटक किया, जबकि मनीषा को गंभीर चोट पहुंचाई गई थी। इस खुलासे के बाद पुलिस ने पति समेत कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## कार से अपहरण, नारायण नगर में 27 दिनों तक कमरे में बंधक बनाकर दैहिक शोषण

# बुटिक संचालिका का अपहरण, होशंगाबाद में बंधक बनाकर दुष्कर्म

### आरोपी की तलाश में दो टीमें हरदा और होशंगाबाद भेजी गई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र से एक बुटिक संचालिका का अपहरण कर उसे होशंगाबाद ले जाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुटिक संचालिका की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अपहरण, बलात्कार, बंधक बनाने और दैहिक शोषण समेत जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी की तलाश में दो टीमें हरदा और होशंगाबाद भेजी गई है। थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि 35 साल की युवती इलाके में अकेली रहती है और बुटिक का संचालन करती है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उसके परिवार में कोई भी नहीं है और वह अकेली है। उसे अपना भरण पोषण और शादी खुद ही करनी थी।

### एप्प के माध्यम से हुई थी दोस्ती

युवती ने बताया कि उसने अपनी शादी का एड कुटुंब एप्प पर



डाला था। इसी एप्प के माध्यम से उसकी दोस्ती होशंगाबाद निवासी गिरिश धारे से हुई। गिरीश ने बताया कि वह होशंगाबाद में ट्रांस्पोर्ट का काम करता है। इसके बाद दोनों की मोबाइल पर बातचीत होने लगी। गिरीश धारे उससे मिलने भोपाल भी आता था। पीड़िता ने बताया कि गिरीश धारे से उसकी शादी की बात चल रही थी, लेकिन गिरीश का व्यवहार उसे समझ नहीं आया और उसने शादी के लिए उससे समय मांगा था।

### जबरन कार में बिठाकर ले गया

पीड़िता का आरोप है कि गिरीश उस पर शादी का दबाव बना रहा था और गत 2 दिसंबर को कार से भोपाल आया था। इसके बाद कहने लगा कि तुम होशंगाबाद चलों वहीं अपना बुटिक चलाना। पीड़िता ने उसे मना किया कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है और वह दो चार दिन बाद होशंगाबाद आ जाएगी, लेकिन आरोपी जबरन उसे और उसका सामान रखकर होशंगाबाद ले गया। वहां नारायण नगर में बंधक बनाकर उसका दैहिक शोषण कर रहा था। करीब 27 दिन बाद 29 दिसंबर को गिरीश सो रहा था, तभी पीड़िता किसी तरह से उसके चंगुल से छूटकर भाग निकली।

### इसलिए एफआईआर में देरी हुई

पीड़िता अकेली है और उसका संरक्षण करने वाला कोई भी नहीं है। उसने पुलिस को बताया कि वह आरोपी के चंगुल से छूटकर भोपाल पहुंच गई?थी, लेकिन आरोपी उसका पीछा नहीं छोड़ रहा था। वह उसे धमका रहा था कि यदि होशंगाबाद नहीं लौटी तो जान से खत्म कर देगा। करीब तीन महीने से वह आरोपी के डर के कारण एफआईआर नहीं करा रही थी, लेकिन आरोपी की हरकतें बढ़ने लगी तो उसने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर दो टीम होशंगाबाद और हरदा भेज दी है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 65 साल की महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम भैंसोदा में गुरुवार सुबह 65 साल की बुजुर्ग महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। प?ौसी उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे थे। बैरसिया के सरकारी अस्पताल से महिला को हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया, वहां गया इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुलस्ते ग्राम भैंसोदा, बैरसिया निवासी बसंती बाई पत्नी नारायण सिंह (65) के परिवार के सदस्य खेती-किसानी करते हैं। पिछले 15-20 दिन से सभी लोग भोपाल आए हुए थे। बसंती बाई गांव में अकेली रह रही थीं। गुरुवार सुबह बुजुर्ग महिला ने घर में रखा जहरीला कीटनाशक खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें पहले शासकीय अस्पताल बैरसिया और फिर बाद में हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी का कहना है कि होश में नहीं होने के कारण मृत्युपूर्व कथन नहीं हो सके हैं। शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद बयान दर्ज किए जाएंगे। उसके बाद ही खुलासा होने की उम्मीद की जा रही है।

# कुएं में नहाने उतरे हार्वेस्टर ऑपरेटर की मौत

**रस्सी टूटने से हुआ हादसा, पुलिस ने पीएम के लिए भेजा**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित भैंसाखेड़ा गांव में कुएं में नहाने उतरे हार्वेस्टर ऑपरेटर की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। मृतक के परिजन पंजाब से भोपाल के लिए निकल गए हैं। उनके भोपाल पहुंचने पर शव का पीएम कराया जाएगा। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि सतनाम सिंह पिता चरणजीत सिंह (25) मूलतः पंजाब का था। वह हार्वेस्टर चलाता था और भैंसाखेड़ा में रहने वाले अशोक कुशवाह के खेत पर वह गेहूं निकालने गया था। कल शाम करीब चार बजे के आसपास काम करने के बाद उसने अशोक कुशवाह को नहाने का कहा था और खेत में बने कुएं में नहाने चला गया। करीब पंद्रह मिनट तक सतनाम नहीं लौटा तो उसे देखने अशोक कुशवाह कुएं पर पहुंचा था। इस दौरान कुएं के बाहर उसकी चप्पल और कपड़े नजर आए। अनहोनी की आशंका होने पर अशोक ने कुएं में देखा तो सतनाम का शव मिल गया।

**रस्सी टूटने से हुआ हादसा:** पुलिस ने बताया कि अशोक कुशवाह के कुएं में रस्सी डली है। इसी रस्सी के सहारे कुएं में उतरते हैं। वह रस्सी टूटी मिली है। अनुमान हैड़कि नहाने के लिए उतरते समय रस्सी टूटने से सतनाम कुएं में गिरा था। पानी अधिक होने के कारण वह डूब गया और उसकी मौत हो गई।

# छात्रा को परेशान करने वाले मनचले के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी इलाके में रहने वाली एक छात्रा को परेशान करने वाले मनचले के खिलाफ पुलिस ने छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी बारहवीं की छात्रा है। पिछले करीब एक साल से मोहल्ले में रहने वाला अभिषेक नामक युवक उसे परेशान कर रहा था। वह छात्रा के मोबाइल पर फोन लगाता और उसे गंदे मैसेज भेजता था। परिजनों ने अभिषेक को एक-दो बार समझाईश दी थी, लेकिन कुछ दिनों बाद ही वह दोबारा से हरकत करनी शुरू कर देता था। परेशान होकर पीड़िता बुधवार देर रात थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

**मेट्रो एंकर** यात्री ट्रेनों में सामान चोरी होने की घटनाओं पर नहीं लग रहा अंकुश

# सीतापुर एक्सप्रेस में सफर कर रही महिला समेत दो यात्रियों का हजारों का सामान चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में सामान चोरी होने की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। सीतापुर एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला समेत दो यात्रियों का हजारों का सामान चोरी हो गया। एक अन्य ट्रेन में सफर के दौरान युवक का बैग चोरी चला गया। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जीआरपी के मतुाबिक ममता राजकुमार सोनी (44) थाणे जिला महाराष्ट की रहने वाली हैं। पिछले दिनों वह अपने बच्चों के साथ सीतापुर एक्सप्रेस से मुंबई की यात्रा कर रही थी। उन्होंने अपना बैग आरक्षित सीट के नीचे रखा हुआ था। सुबह करीब सवा आठ बजे ट्रेन भोपाल पहुंची तो देखा कि सीट के नीचे रखा उनका बैग नहीं दिखा। कोच में इधर-उधर तलाश करने पर देखा कि दूसरी सीट पर बैठे एक व्यक्ति के पास उनका बैग रखा हुआ है। वह अपना बैग ले पाती, उसके पहले उक्त व्यक्ति बैग लेकर भोपाल स्टेशन पर उतरकर चला गया। ट्रेन चालू होने के कारण वह नीचे नहीं उतर पाई। बैग के अंदर 30 हजार रुपये नकद और बेटे और बेटी के इस्तेमाली कपड़े रखे हुए थे। इसी प्रकार भायखला मुंबई महाराष्ट निवासी अतर अहमद (60) सीतापुर एक्सप्रेस से ऐशबाग लखनऊ से एलटीटी के लिए सफर कर रहे थे। भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचने से पहले देखा तो उनका एक लेडीज पर्स गायब था। पर्स के अंदर 18 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन और 12 हजार रुपये नकद रखे हुए थे।




### एसी कोच में घुसने का विरोध किया तो वेंडर ने अटेंडर पर किया चाकू से हमला



गोरखपुर से मुंबई के बीच चलने वाली गोरखपुर स्पेशल ट्रेन के एसी कोच में अटेंडर का काम करने वाले एक युवक पर अवैध रूप से कोच में घुसे वेंडर ने चाकू से हमला कर दिया। अटेंडर ने वेंडर को कोच में घुसने से मना किया था। जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी के मुताबिक दतिया निवासी शुभम दोहरे गोरखपुर स्पेशल ट्रेन के एसी कोच में अटेंडर है। पिछले दिनों वह मुंबई जाने वाली ट्रेन में ड्यूटी पर था। भोपाल रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलने के कुछ देर बाद शुभम एसी कोच एम-4 में खाने का आर्डर लेने जा रहा था। इस दौरान एक वेंडर कोच के भीतर पानी की बोतल बेचते हुए दिखाई दिया। इस पर शुभम ने उससे बोला कि ट्रेनों में लगातार चोरियां हो रही हैं, उसके दोस्त का भी मोबाइल फोन चोरी हो चुका, आपके पास कोच में घुसने की कोई अथारिटी है क्या। इस पर वेंडर ने उसे गेट के पास एक चाय बेचने वाले वेंडर के पास लेकर पहुंचा और बोला कि यह अथारिटी के बारे में पूछ रहा है। इस पर चाय वाला वेंडर शुभम के साथ गाली-गलौज करने लगा। इसी बीच वहां भेल बेचने वाला पहुंचा, जिसकी टोकरी में चाकू रखा हुआ था। चाय वाले ने चाकू उठाकर शुभम पर हमला किया, जिससे शुभम के बाएं हाथ की उंगलियों में गंभीर चोट पहुंची। हमला करने वाले वेंडर का नाम संजय बताया गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

**सचखंड एक्सप्रेस से युवक का बैग चोरी:** इधर सचखंड एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक युवक का बैग चोरी चला गया। जीआरपी के मुताबिक मनवेंदर बलविंदर सिंह (24) फिरोजपुर पंजाब के रहने वाले हैं। पिछले दिनों वह सचखंड एक्सप्रेस में अमृतसर से नांदेड़ की यात्रा कर रहे थे। भोपाल रेलवे स्टेशन पर नजर पड़ी तो उनका अमेरिकन टूरिस्ट बैग गायब था। बैग के अंदर इस्तेमाली कपड़े और दवाइयां समेत सामान रखा हुआ था। मनवेंदर ने इसकी रिपोर्ट भुसावल जीआरपी में दर्ज कराई थी। केस डायरी आने के बाद भोपाल जीआरपी ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022